

मत्तगजेंद्र नाथ मंदिर में हुआ जलाभिषेक। अमृत विचार


मऊ में ऋषियन आश्रम बरहा कोटरा।


तीर्थक्षेत्र में लगी श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार

# शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु, हर- हर महादेव की गूंज

## मंदाकिनी में लगाई पुण्य की डुबकी और मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर में किया महादेव का जलाभिषेक, शिव बारात आकर्षण का केंद्र

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर्व पर तीर्थक्षेत्र में दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही महाराजाधिराज मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। लाखों श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी नदी में स्नान करने के बाद भगवान शिव का अभिषेक किया। रामघाट में भारी भीड़ रही। शिव के दर्शन के लिए देर रात तक लंबी कतारें लगी रहीं। सुबह लगभग तीन बजे से अपराह्न तीन बजे तक लगभग 50 हजार श्रद्धालुओं के दर्शन पूजन करने का अनुमान है। देर शाम भोले बाबा की बारात निकाली गई। इसमें जबलपुर का बैंड और अखाड़ों के निशान ने शोभा बढ़ाई। शोभायात्रा बारात निर्मोही अखाड़ा सीतापुर होते हुए रामघाट पहुंची। इसमें मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप दास, पुजारी विपिन बिहारी दास का अगुवाई रही। बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह, अंकित पहारिया, पुष्पराज विश्वकर्मा, वीपी पटेल, अतुल सिंह, जानकी शरण गुप्ता, संजय सोनी, प्रधान बद्री सिंह, संदीप श्रीवास्तव आदि श्रद्धालुओं ने जयपुरिया तिराहे पर बारात का भव्य स्वागत, पुष्पवर्षा से किया गया। इस दौरान लगभग एक क्विंटल पंचमेवा का प्रसाद वितरण किया गया।



कैलाश विहार शिवबाबा धाम और रामनगर स्थित शिवमंदिर में हुई पूजा-अर्चना। अमृत विचार


पहाड़ी के पालेश्वर नाथ धाम में पूजा करते श्रद्धालु। अमृत विचार


राजापुर स्थित मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**राजापुर संवाददाता** के अनुसार, तुलसीतीर्थ के द्वादश शिवालयों में प्रातःकाल से ही शिवभक्तों ने भगवान शिव व मां पार्वती की पूजा अर्चना की। उल्लास के साथ शिव बारात निकाली गई और शिवालयों में हर हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। तहसील क्षेत्र के कल्याण की भावना लेकर उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने रुद्राभिषेक किया। पौराणिक व धर्मग्रंथों के अनुसार, शिव सती के महामिलन का पर्व महाशिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। प्राचीन देवीदयाल शिवाला तथा राजापुर के विस्तारित क्षेत्र पराको में समाजसेवी संदीप पांडेय की अगुवाई में भगवान शिव व पार्वती के स्वरूपों के साथ स्मारक रोड, तुलसी मानस मंदिर रोड आदि प्रमुख मार्गों से ढोल नगाड़ों, शंख-शहनाई व डीजे धुन के साथ भगवान शिव की बारात निकाली गई। संजय जायसवाल, कमलेश जायसवाल आदि ने बारातियों का स्वागत भांग-ठंडई से किया। इस अवसर पर अशोक द्विवेदी, सतीश मिश्रा, सुनील मिश्रा, दीपक जायसवाल, देवकीनंदन मोदनवाल, विनय मोदनवाल, राजेश श्रीवास्तव, जुगराज केशरवानी, दीपक श्रीवास्तव, हरप्रसाद पांडेय, कमलाकांत पांडेय, कैलाश पांडेय, कुलदीप मिश्रा, संदीप पांडेय, प्रदीप पांडेय, मोनू, अभय, सत्यम, अतुल, ओम मिश्रा, रविकांत तिवारी आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

### पालेश्वरनाथ मंदिर से निकाली शोभायात्रा

**पहाड़ी।** पहाड़ पर स्थित भगवान पालेश्ववर नाथ के मंदिर में महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रताप सिंह ने सब इंस्पेक्टर शिवशरन तिवारी तथा कांस्टेबिलों के साथ सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी। शिवबारात शोभायात्रा निकाली गई।

### जलाभिषेक कर शिव से मांगी समृद्धि

**मऊ।** श्री कैलाश विहार शिव बाबा मंदिर धाम, बरहा कोटरा स्थित ऋषियन धाम, महेवा आश्रम, नेवरा ग्राम पंचायत अंतर्गत प्राचीन दशरथ घाट मंदिर एवं रामनगर स्थित चंदेल कालीन शिव मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस दौरान क्षेत्र के विकास द्विवेदी, विपुल पांडेय, राजा, प्रकाश, बेटू आदि ने शिव मंदिरों में दर्शन किया।

# स्कूल से सटा बिजली का पोल हटाया गया

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

**खबर का असर**

- पाठकों ने अमृत विचार समाचार पत्र की सराहना की

**अमृत विचार।** प्राथमिक विद्यालय के पास लगे बिजली के पोल को विद्युत विभाग ने अंततः हटवा दिया। इसे बिजलीकर्मियों ने दूसरी जगह लगाया। 'अमृत विचार' ने विद्यालय के पास लगे पोल की हादसे के प्रति आगाह किया था। इसके बाद अधिकारियों ने ध्यान दिया और पोल को वहां से हटा दिया। अवर अभियंता गनीवां देवेंद्र कुमार ने बताया कि अब बिजली की लाइन सड़क के दूसरी ओर से खींची जाएगी।


तो क्या विद्यालय के ऊपर से दौड़ाया जाएगा करंट

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

बिजली विभाग के ठेकेदार ने प्राथमिक विद्यालय झंडापुरवा में पोल दीवार से सटाकर लगा दिया था। इससे संभावित खतरे को देखते हुए प्रधानाध्यापक राजकिशोर पांडेय, अभिभावकों रामबाबू, मोतीलाल, चुनकावन आदि ने आपत्ति जताई थी। प्रधानाध्यापक ने बताया कि छुट्टी के दिन बिजलीकर्मी यह खंभा लगाकर चले गए और उनको बताया तक नहीं। 'अमृत विचार' ने अपने 27 फरवरी के अंक में ' तो क्या विद्यालय के ऊपर से दौड़ाया जाएगा करंट ' शीर्षक से प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था। इस पर जिम्मेदारों ने इसका संज्ञान लिया। अवर अभियंता ने बताया कि ठेकेदार को इस संबंध में तुरंत निर्देश दिए गए, जिससे पोल अन्यंत्र शिफ्ट कर दिया गया है। बताया कि विभागीय उच्चाधिकारियों के निर्देश पर नलकूपधारकों और घरों की बिजली की लाइन अलग की जा रही है। अवर अभियंता ने दिक्कत की ओर ध्यान दिलाने के लिए 'अमृत विचार' की सराहना की। उधर, अभिभावकों और शिक्षकों ने भी अखबार की जनसरोकारी पत्रकारिता की प्रशंसा की।


हटाकर सड़क के पार लगाया गया पोल। अमृत विचार

# कोई अराजकता फैलाए तो सूचना दें

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** होली और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक ने अर्धसैनिक बल के जवानों के साथ क्षेत्र भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा व्यवस्था के लिए आश्वस्त किया। ग्रामीणों से कहा कि होली के मौके पर अगर कोई अराजकता फैलाए तो तुरंत सूचित करें ताकि समय से कार्रवाई हो सके।

प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप सिंह पटेल, इंस्पेक्टर अपराध विनोद कुमार राय, सब इंस्पेक्टर सुरेश सिंह, विपिन कुमार मिश्र, परशुराम यादव, मातादीन व जवानों के साथ संवेदनशील व अतिसंवेदनशील गांवों में जाकर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में बातचीत की। साईपुर, गढ़ीघाट, ओरा, दरसेड़ा, असोह, परसौंजा, बारामाफी, मकरी, कादरगंज आदि गांवों में लोगों को भयमुक्त होकर मतदान करने को कहा।


जवानों के साथ क्षेत्र भ्रमण करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

गांव वालों को बताया गया कि चुनाव के दौरान किसी प्रकार की अराजकतत्वों के बारे में पता चले तो सूचना दें। किसी भी प्रकार के लोभ-लालच व दबाव में न आएं। कोई जबर्दस्ती किसी व्यक्ति विशेष या पार्टी विशेष के पक्ष में मतदान के लिए कहे तो सूचना दें। होली का पर्व आपसी प्रेम व सौहार्द्रपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की।

## मधुमक्खियों के हमले में कई श्रद्धालु घायल

**मऊ।** कैलाश विहार शिव बाबा मंदिर धाम में महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। परिसर से शाम पांच बजे के आसपास जैसे ही शिव बारात चली वैसे ही परिसर में मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। अचानक हमले से लोग जान बचाकर भागते नजर आए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत चेयरमैन अमित द्विवेदी, कैलाश श्रीवास्तव, अमन त्रिपाठी, शशांक मिश्रा के साथ सात साल के बच्चे अमन पुत्र रामलोटन निवासी मऊ को मधुमक्खियों ने काट लिया। उन्हें सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सा के बाद डॉक्टरों ने सभी को घर भेज दिया।

## बाइक हुई चोरी

**चित्रकूट।** इस समय चोरों के हौसले बुलंद हैं। चोरों ने बीते दिन कर्वी कोतवाली से कुछ दूरी पर रेलवे फाटक काली देवी मंदिर के पास खड़ी बाइक दिनदहाड़े पार कर दी। भुक्तभोगी रामभरोसे द्विवेदी ने इस संबंध में कोतवाली में तहरीर दी।

## हत्यारोपियों की गिरफ्तारी नहीं, दहशत में परिवार

**चित्रकूट।** भाई के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए परिवार के लोग दर- दर की ठोकरें खा रहे हैं। मृतक के परिवारीजनों का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी गिरफ्तारी न होने से अब वे लोग दहशत में हैं। उन लोगों को धमकियां मिल रही हैं।

गढ़चपा निवासी रावेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि जनवरी में उसके भाई अवधेश उर्फ रोहिणी द्विवेदी की हत्या कर दी गई थी। रावेंद्र का आरोप है कि आरोपियों की पहुंच सत्ता के गलियारों तक होने की वजह से रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद भी अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया, जबकि वह इस संबंध में एसपी, सीओ तक से गुहार लगा चुका है। एडीजी प्रयागराज जोन कार्यालय में भी इस संबंध में प्रार्थनापत्र देकर आया है। घटना के चश्मदीद गवाहों के होने के बाद भी पुलिस कुछ नहीं कर रही है। उसने आशंका जताई कि उसके और उसके परिवार के साथ कुछ भी हो सकता है।

# जिज्ञासा का केंद्र बनी गुप्त गोदावरी में मिली तीसरी गुफा

**सर्वेक्षण**

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तीर्थक्षेत्र के प्रसिद्ध स्थलों में से एक गुप्त गोदावरी में तीसरी गुफा का पता चला है। यह गुफा भूवैज्ञानिकों और श्रद्धालुओं के लिए जिज्ञासा का केंद्र बनी हुई है। पिछले दिनों भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग के डिप्टी डायरेक्टर जनरल डॉ. सतीश त्रिपाठी की अगुवाई में टीम ने इसे देखा था।

हाल ही में गुप्त गोदावरी के निकट तीसरी गुफा का पता चला है जो भूवैज्ञानिकों के लिए अध्ययन और शोध का विषय बन रही है। भूवैज्ञानिक गुफा के बारे में अध्ययन करने, पता करने चित्रकूट पहुंच रहे हैं। बीते दिनों क्षेत्र में ग्लोबल जियो पार्क की संभावना का पता लगाने आए प्रमुख भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग के डिप्टी डायरेक्टर जनरल डॉ. सतीश त्रिपाठी ने टीम के सदस्य डीएसएन कॉलेज उन्नाव के भूगोल विभाग के डॉ. अनिल साहू के साथ गुफा का विस्तृत सर्वेक्षण किया। टीम के हवाले से पता चला है कि गुप्त गोदावरी की पहाड़ी तिरोहन लाइमस्टोन (एक प्रकार की चूना पत्थर की चट्टान) से बनी है। पहाड़ी के ऊपर स्थित पेड़-पौधों की जड़ों के द्वारा जब यह जल चट्टानों तक पहुंचता है तो चट्टानों को घोलकर गुफा का निर्माण करता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, गुप्त गोदावरी की पहली और दूसरी गुफा का निर्माण और विकास हजारों वर्ष पहले इसी प्रक्रिया से हुआ है। पहाड़ी में धीरे-धीरे और गुफाएं भी इसी प्रक्रिया से विकसित हो रही हैं। तीसरी गुफा के अंदर जाकर टीम ने गुफा की संरचना और उसमें स्थित स्थलरूपों का अध्ययन किया।


गुफा के बारे में जानकारी लेते वैज्ञानिक। अमृत विचार


गुप्त गोदावरी के पास मिली तीसरी गुफा। अमृत विचार

सदस्य डॉ.अनिल साहू ने बताया गुफा का मुहाना तीन-चार फीट व्यास का है, जिसमें से एक आदमी मुश्किल से रेंगकर प्रवेश कर सकता है। अंदर जाने पर गुफा चौड़ी हुई है। लगभग छह फीट ऊंची है और दो भागों मे विभक्त है। ऐसा प्रतीत होता है कि लाइमस्टोन चट्टानों के बीच मिट्टी घुलने से रिक्त स्थान का निर्माण हुआ। गुफा में स्टेलेग्टाइट और स्टेलेग्माइट पाए गए हैं। जिला सेवायोजन अधिकारी डॉ. पीपी शर्मा ने डॉ. सतीश त्रिपाठी के हवाले से बताया कि इस पूरे क्षेत्र में इस प्रकार की और भी गुफाएं होंने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। अगर युवाओं को सही प्रशिक्षण दिया जाये तो क्षेत्र में आधारिक संरचना के साथ साथ भूपर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। टीम का स्थानीय युवाओं विकास शुक्ला, विक्रम सिंह और प्रकाश गुप्ता ने सहयोग किया।

**तोहफा** सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा- जिले के 10,895 नलकूप उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

# बिजली बिल माफ करने की घोषणा पर जताई खुशी

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** सांसद आरके सिंह पटेल ने निजी नलकूपों का बिजली बिल माफ करने की राज्य सरकार की घोषणा पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से जिले के 10895 नलकूप उपभोक्ताओं को फायदा होगा।

बीते दिन भजन संध्या स्थल में हुए कार्यक्रम में सांसद ने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों को बड़ी सौगात दी है। निजी नलकूपों के बिजली बिल एक अप्रैल 2023 से माफ किए हैं। अब किसी भी किसान को कोई विद्युत बिल नहीं देना पड़ेगा। बताया कि किसानों का साढ़े सात हॉर्स पावर का औसत बिल 1360 रुपये आता था। इस तरह सरकार ने प्रति माह 1. 41 करोड़ और प्रतिवर्ष कुल 17 करोड़ रुपये माफ किए हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें। अधिशासी अधिकारियों को योजना का प्रचार प्रसार कर किसानों को लाभांन्वित कराने के निर्देश दिए। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला कोआपरेटिव बैंक बांदा के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल आदि की मौजूदगी में लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। मानिकपुर विधायक प्रतिनिधि रविप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि सीएम ने किसानों का बिल माफ करके बहुत बड़ी राहत दी है। सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, शिवाकांत पांडेय, आशीष रघुवंशी आदि जनप्रतिनिधि एवं उपनिदेशक कृषि राजकुमार, एक्सईएन विद्युत दीपक सिंह, आरएस वर्मा, मुकेश कुमार, एसडीओ अनिल कुमार आदि अधिकारी और किसान रहे।


कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद आरके सिंह पटेल।


कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधि और किसान व अन्य लोग। अमृत विचार

### लंबे समय से था इसका इंतजार: लवकुश

भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि इस दिन के लिए प्रदेश का किसान इंतजार कब से कर रहा था। मुख्यमंत्री ने यह योजना लागू कर किसानों को लाभान्वित किया है। पालिकाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि भाजपा ने संकल्प पत्र में जो घोषणा की, उसको पूरा किया है।

# महिला सशक्तिकरण के लिए दो आरक्षियों का किया गया सम्मान

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में पुलिस कार्यालय के राघव सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर दो आरक्षियों को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन नोडल अधिकारी और क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय ने महिला आरक्षियों के साथ प्रतिभाग किया। सीओ ने महिला अधिकारियों और कर्मचारियों से ड्यूटी के दौरान प्राप्त अनुभव की जानकारी ली। उनकी समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। महिला बीट आरक्षियों ने बीट पुलिसिंग के संबंध में बताया। सीओ ने सभी को निर्देशित किया कि मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी से संबंधित ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम करें और महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक करें। सीओ ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित महिला सेल में नियुक्त आरक्षी माद्री तोमर एवं सम्मन सेल में नियुक्त आरक्षी पूनम यादव को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। आशा जताई कि वे भविष्य में इसी प्रकार लगन एवं मेहनत से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगी।


सम्मानित आरक्षियों के साथ सीओ निष्ठा उपाध्याय। अमृत विचार

- सीओ निष्ठा उपाध्याय ने कहा लगन और मेहनत से करें अपने कर्तव्य का निर्वहन


बामदेवेश्वर मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब। अमृत विचार


बामदेवेश्वर मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु। अमृत विचार


भीड़ को नियंत्रित करते एसएसबी के जवान। अमृत विचार


ब्रह्माकुमारियों ने निकाली शिव रथ यात्रा। अमृत विचार

# शिवालयों में बही दूध की धार, हर-हर महादेव की गूंज

## शहर के सिद्धपीठ बामदेवेश्वर मंदिर में उमड़े हजारों श्रद्धालु, जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक के लिए लगी रही लंबी भीड़

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि पर जनपद के सभी शिवालय हर-हर-बम-बम के उद्घोष से गुंजायमान रहे। शिवालयों में बाबा के इतने भक्त दर्शन को पहुंचे कि मंदिर परिसर छोटा पड़ गया। महापर्व पर भोलेनाथ को जल व दुग्धाभिषेक कर प्रसन्न करने की होड़ लगी रही। शिव दर्शन का सिलसिला रात दो बजे से लेकर देर रात तक चलता रहा। मंदिरों में श्रद्धालुओं के आवागमन को व्यवस्थित रखने के लिए बैरीकेडिंग की गई थी।

आदिदेव महादेव के दरबार से कोई भक्त खाली हाथ नहीं लौटता। मान्यता है कि एक चावल का दाना मात्र अर्पित करने से भोला भंडारी जिस पर प्रसन्न होते हैं, तीन लोक की संपत्ति तक दान कर देता है। समूचे जनपद में महाशिवरात्रि का पर्व शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। रात 2 बजे से ही श्रद्धालुओं का रेला शहर के प्रमुख शिवालयों विशेषकर वामदेवेश्वर की तरफ कूच करने लगा। कैलाशपुरी की तरफ जाने वाली शायद ही कोई सड़क रही हो, जिसमें भक्तों की भीड़ न हो। शिवभक्तों ने मंदिर में गुफा के भीतर जाकर शिवलिंग का विधिविधान के साथ जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक किया। इस बीच विधिवत पूजन करने के लिये श्रद्धालुओं में होड़ लगी रही। हर साल की तरही इस बार भी मंदिरों में पुरुषों से कहीं ज्यादा संख्या महिलाओं की रही।

शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का प्रिय फल धतूरा, बेलपत्र, अपराजिता के पुष्प अर्पित कर प्रसन्न करने का प्रयास किया। सुबह के समय भीड़ कुछ कम थी, लेकिन बाद में संख्या बढ़ती चली गई। दोपहर बाद पुरुष दर्शनार्थियों की संख्या में भी इजाफा होता दिखा। शिवमंदिर में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंच जाने से गुफा तक पहुंचने में श्रद्धालुओं को घंटों कतार में खड़े रहना पड़ा। कमेटी कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं की उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए पहले से ही बेहतर इंतजाम किए थे। मंदिर में नीचे से लेकर ऊपर तक बैरीकेटिंग का बेहतर इंतजाम किया गया था। सीढ़ियों में भी कार्यकर्ता सारा दिन अपनी ड्यूटी पूरी मुस्तैदी से निभाते नजर आये, ताकि शिव की गुफा तक पहुंचने में महिलाओं और पुरुष श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। आपस में धक्कामुक्की को रोकने के लिये कार्यकर्ताओं ने बैरीकेडिंग के जरिए महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग रास्ता बनाया था। शहर के पंचानन मंदिर समेत महेश्वरी देवी मंदिर, संकट मोचन मंदिर, कालीदेवी मंदिर, महामाई मंदिर, पंचानन भगवान खुटला समेत अनेक प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। भगवान भोलेनाथ का दर्शन, वंदन और पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कुछ श्रद्धालुओं ने इस महापर्व पर ओम नमः शिवाय के अखंड जाप का अनुष्ठान किया। शाम को भगवान भोलेनाथ की दिव्य झांकी प्रस्तुत की गई।


नरैनी कस्बे में निकाली गई शिव बरात। अमृत विचार

### बारात में गाजे-बाजे के साथ मस्ती में थिरकते रहे श्रद्धालु

- अतर्रा कस्बे के गौराबाबा मंदिर व लाल थोक स्थित बरसल बाबा मंदिर में शिव भक्तों की भीड़ रही। गौराबाबा धाम प्रांगण में श्रद्धालुओं द्वारा पूरे दिन प्रसाद वितरण किया गया। शिव बारात में तरह-तरह के बैंड और लाइट के साथ रथों पर आकर्षक झांकियां सजाई गईं। गाजे बाजे के साथ निकली बारात में काली, दुर्गा, सरस्वती समेत हनुमान, गणेश व अन्य देवी देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। श्रद्धालुओं ने बारात पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सुरक्षा के मद्देनजर थाना प्रभारी पंकज सिंह, कस्बा इंचार्ज केडी त्रिपाठी मय पुलिस बल तैनात रहे।

### ब्रह्माकुमारियों की रथ यात्रा का स्वागत

- महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सिंहवाहिनी मंदिर कटरा द्वारा शहर में डीजे पर बजते भगवान शिव के गीतों के साथ भव्य ज्योतिलिंगम शिव रथ यात्रा निकाली गई। ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा सिंहवाहिनी मंदिर कटरा से निकाली गई शिव रथ यात्रा नगर के बलखंडी नाका, महेश्वरी देवी मंदिर, कोतवाली रोड, छोटी बाजार झंडा चैराह, कैलाशपुरी होते हुए पुनः मंदिर में आकर समाप्त हुई। इस दौरान ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा परमपिता शिव के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस शिव रथ यात्रा में बड़ी संख्या में बीके भाई, बहन शामिल रहे।


अभिषेक करते सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी व उनकी पत्नी सरिता द्विवेदी।

### सदर विधायक ने पत्नी सहित किया अभिषेक

- महाशिवरात्रि पर मंदिरों के साथ घरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने अपनी पत्नी सरिता द्विवेदी के साथ खुरहंड स्थित पैतृक आवास में नवनिर्मित कैलाशेश्वर महादेव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विशेष पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान भोलेनाथ का दुग्धाभिषेक के साथ जलाभिषेक किया। सपत्नीक माथा टेककर महादेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद वितरित किया।

## एक नजर

### युवक की संदिग्ध हालात में थम गईं सांसें

**बांदा।** तिंदवारी थाना क्षेत्र के पिपरगवां निवासी सुरजीत (24) पुत्र कल्लू अपने दोस्त की शादी में खागा (फतेहपुर) गया था। बुधवार की दोपहर गांव आ रहा था। माटा गांव के पास अचानक उसकी हालत बिगड़ गई। उसने अपने साथी को फोन किया। मौके पर पहुंचे साथी ने उसे पीएचसी तिंदवारी में भर्ती कराया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के बड़े भाई राहुल ने बताया कि सुरजीत को बीमारी नहीं थी। आरोप लगाया कि किसी ने उसे जहरीला पदार्थ खिला दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

### दो युवकों ने जहर खाया

**बांदा :** गिरवां थाना क्षेत्र के बनसखा गांव निवासी शिवबली (40)पुत्र जगदीश का गुरूवार की रात किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया। इसी से नाराज होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। इसी तरह शहर के कटरा मोहल्ला निवासी मनीष (21)पुत्र वृन्द्रावन ने किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को पता चला दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# नीलकंठेश्वर मंदिर में दर्शन को लगा तांता


नीलकंठेश्वर मंदिर में दर्शन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

संवाददाता, नरैनी

**अमृत विचार :** नरैनी तहसील क्षेत्र के कालिंजर दुर्ग स्थित नीलकंठेश्वर मंदिर में शिवभक्तों का तांता लगा रहा।

मंदिर सहित क्षेत्र के तमाम शिव मंदिरों में शिव-पार्वती के विवाह की रस्मे पूरी कराई गईं। देर रात परंपरागत तरीके से कालिंजर गांव सहित सीमावर्ती मध्यप्रदेश के गांवों से तमाम शिव भक्त दर्शन को दुर्ग पहुंचे। मंदिर के पुरोहित शंकर प्रताप मिश्रा ने मंत्रोच्चारण कर भगवान शिव के टीका चढ़ाव, भांवरे, पैरपुजी आदि वैवाहिक रस्में पूरी कराईं। महिलाओं ने मंगल गीत गाए। कस्बा में रामलीला मैदान से शिव भक्तों ने गाजे बाजे के साथ शिव बारात निकाली। पूरे कस्बा में बारात का श्रद्धालुओं ने अपने दरवाजे पर रोक कर चंदन लगा पुष्प वर्षा की। बाद में शिव बारात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर स्थित शिव मंदिर पहुंची। यहां आधी रात के बाद शिव पार्वती विवाह की रस्में पूरी कराई गईं।

# फांसी लगा कर दो लोगों ने खुदकुशी की

**बांदा।** देहात कोतवाली व पैली क्षेत्र में दो लोगों ने खुदकुशी कर ली। देहात क्षेत्र के जमालपुर गांव निवासी छोटेलाल मिश्रा (35) पुत्र देवीदयाल मिश्रा ने जमीन में गहरा गडडा खोदा फिर वह फांसी पर झूल गया। जिससे उसकी मौत हो गई। दोपहर बाद खेत पहुंची पत्नी आरती ने उसका शव फंदे पर लटकता देखा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बड़े भाई भगवानदीन ने बताया कि छोटेलाल पिता के साथ किसानी करता था। पैलानी थाना क्षेत्र के कुकुवा खास गांव निवासी रामहित (35) पुत्र दुल्ला निषाद ने पत्नी से विवाद के बाद गुरूवार को दोपहर को कमरे के अंदर रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक के बड़े भाई रामभजन ने बताया कि रामहित की शादी के 12 साल हो गए। वह निसंतान था। शराब पीने का आदी थी। पत्नी और परिजन शराब पीने को मना करते थे। इसी को लेकर अक्सर विवाद होता रहा था।

# दो लुटेरे गिरफ्तार, लूटा गया ई-रिक्शा बरामद

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार :** पिछले दिनों चालक को मारपीट कर ई-रिक्शा लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए लुटेरों की निशानदेही पर लूटे गए ई-रिक्शा समेत बैटरी और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

ई-रिक्शा लूट की घटनाएं नगर कोतवाली, थाना कोतवाली देहात क्षेत्र से हुई थी जिनका पदार्फाश किया गया। इसके लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम का गठन किया गया था और टीम के सदस्यों ने क्योटरा चैराहे से एक ई-रिक्शा एक अज्ञात अभियुक्त सवारी बनकर बैठ गया। भूरागढ़ चैकी क्षेत्र अंतर्गत त्रिवेणी बाईपास पहुंचे के बाद अभियुक्तों द्वारा ई-रिक्शा चालक से मारपीट की और ई-रिक्शा लूट लिया गया। घटना बीते 26 फरवरी की बताई गई है। यह मामला मटौंध थाने में पंजीकृत किया गया था। इस संबंध में मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को नहर पुलिया मोहनपुरवा के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया गया है।


पुलिस हिरासत में ई रिक्शा के साथ दोनों शातिर लुटेरे। अमृत विचार

**● चार बैटरियां और दो मोबाइल फोन भी मिले**

इसी प्रकार से बीती 13 फरवरी को करिया नाला से एक ई-रिक्शा की लूट की गई थी। ऐसी ही घटना 28 फरवरी को आरटीओ चैराहे के पास से और 17 फरवरी को रामलीला मैदान के पास से ई-रिक्शा से चार बैटरी की चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया था। गिरफ्तार लुटेरों में हमीरपुर जनपद के बक्छा गांव निवासी हर्ष प्रजापति और शहर कोतवाली क्षेत्र के अवंती नगर निवासी विष्णु शामिल हैं। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से लूटे गए चार ई-रिक्शा व चोरी की गई चार बैटरियां तथा लूटे गए दो मोबाइल फोन बरामद किए है। इसके अलावा पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक ई-रिक्शा व बाइक भी बरामद की है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना मटौंध प्रभारी राम मोहन राय, एसआई अखिलेंद्र प्रताप सिंह, अरविंद कुमार मौर्य, संतोष कुमार सरोज, प्रधान आरक्षी नीरज यादव, आरक्षी नितेंद्र कुमार, यादवेंद्र सेन, कृष्ण कुमार व अंकित सिंह शामिल रहे।


पकड़ा गया गांजा तस्कर रिंकू राठी।

### पचास हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**बांदा :** बबेरू कोतवाली पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त टीम ने 50 हजार रुपये के इनामी शातिर गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। 16 जुलाई 2023 को बबेरू थाना क्षेत्र अंतर्गत ओडिशा से लाई जा रही अवैध गांजे की खेप बरामद की गई थी। जिसमें दो अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया था। जबकि दो तस्कर फरार हो गए थे। चित्रकूटधाम रेंज के डीआईजी अजय कुमार सिंह ने सैदपुर (गाजियाबाद) निवासी रिंकू राठी और डालयानपान्ना (हरियाणा) निवासी मनीष की गिरफ्तारी पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। गुरुवार रात गौतमबुद्ध नगर जिले के दुर्गा टाकीज गोल चक्कर के पास फरार गांजा तस्कर रिंकू राठी को गिरफ्तार कर लिया गया। फरार मनीष की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# ट्रैक्टर से कुचल कर ठेकेदार की मौत, दो बहनें गंभीर रूप से घायल

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार :** राजस्थान के भौसाना धौलपुर निवासी राजवीर सिंह (30) पुत्र पोप सिंह बिजली विभाग में ठेकेदारी करता था। इन दिनो चिल्ला और कुकुवाखास में लाइन खिचवाने का काम चल रहा है। वह पैलानी तहसील क्षेत्र के अमानडेरा निवासी मलखान के यहां करीब आठ माह से रह रहा था। शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर वह मलखान की दो बेटी साधना (22), रोशनी (20) को बाइक में बैठाकर कीर्तिखेड़ा स्थिति देव स्थान जलाभिषेक करने जा रहा था। चिल्ला थाना क्षेत्र के सहूरपुर मोड़ के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दिया। राजवीर की ट्रैक्टर के पहिया से कुचलकर मौके पर मौत हो गई। जबकि साधना और रोशनी घायल हो गईं।

# धारदार हथियार के हमलों से दो लोग घायल

संवाददाता, नरैनी

**अमृत विचार :** लकड़ी के ढेर में आग लगाने की रिपोर्ट दर्ज कराए जाने से नाराज दबंग ने युवक के ऊपर खंजर और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। एक अन्य घटना में युवक के ऊपर धारदार हथियार से हमलाकर घायल कर दिया। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है।

कोतवाली क्षेत्र के कनाय गांव निवासी राजेद्र कुमार (35) पुत्र बेटालाल श्रीवास गुरूवार की शाम दुकान से गुटखा लेकर घर जा रहा था। तभी रास्ते में पड़ोसी दबंगो ने उसे दबोच लिया। उसके ऊपर खंजर और कुल्हाडी से हमलाकर मरणासंन कर दिया। शोरगुल सुनकर परिजन दौड़ पड़े। आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। राजेद्र के छोटे भाई अनुज ने बताया कि एक मार्च को दरवाजे पर एक ट्राली लकड़ी पड़ी थी। पड़ोसी दबंग युवक ने लकड़ी में आग लगा दिया था। इसकी रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी। इसी खुन्नस में राजेद्र के ऊपर खंजर से दस वार और कुल्हाड़ी से सात वार किए है। डॉक्टरो ने उसे रानीदुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। एक अन्य घटना में शहर के चौधरी नगर निवासी रक्षित अवस्थी (17) पुत्र प्रमोद अवस्थी गुरुवार को अपने साथी के साथ कालूकुआं दूध लेने गया था। तभी दो युवकों ने उसके ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह लहूलूहान हो गया। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने उसकी हालत देख उसे कानपुर रेफर कर दिया। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है।


उत्सव में सामूहिक नृत्य प्रस्तुत करतीं बालिकाएं। अमृत विचार

# शिक्षा के आंगन में चमके नन्हे सितारे, गूंजीं तालियां

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार :** शहर के अलीगंज स्थित प्राथमिक विद्यालय में क्षेत्र स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। बुनियादी साक्षरता एवं प्राथमिक अंकीय दक्षता प्राप्त करने के लिए पूर्व प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण पर प्रकाश डाला।

प्राथमिक विद्यालय अलीगंज में आयोजित हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ उच्च प्राथमिक विद्यालय बलखंडीनाका की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना किया गया। इसके बाद डॉ. सौरभ आर्य एसआर द्वारा राष्ट्रीय शिक्षानीति 2020 के दिशा निदेर्शों के अनुसार शिक्षा के सार्वभौमिकरण पर प्रकाश डाला गया। इसी क्रम में शंशाक शेखर मिश्र एसआर द्वारा अभिभावकों से अपील की गई कि वह अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों व प्राथमिक विद्यालयों में अवश्य भेजे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सभासद रामप्रसाद सोनी ने सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि उसका लाभ भी प्राप्त कर रहे है। महिला कल्याण विभाग की सुमन शुक्ला एवं रमा साहू द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम में पांच निपुण बच्चों सहित उपस्थित बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नारायण दास गुप्त द्वारा किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्री अर्चना तिवारी, सुपरवाइजर मजहर अहमद, सुनीता देवी आदि रहीं।

**भजन संध्या आज** | श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का जगह-जगह किया स्वागत, झांकियों ने श्रद्धालुओं को किया आकर्षित

# तिंदवारी में बाबा खाटू श्याम का निशान लेकर नंगे पैर चले भक्त

संवाददाता, तिंदवारी-बांदा

**अमृत विचार :** गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालुओं ने बाबा खाटू श्याम की निशान यात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया। यात्रा में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। हाथों में निशान लेकर कई किलोमीटर तक आस्था में सराबोर भक्त नंगे पैर चले। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर निशान यात्रा की जोरदार अगुवानी की। बाबा श्याम की झांकी देखने एवं पूजा-अर्चन करने को सड़क किनारे भक्तों की कतारें लगी रहीं। भजनों पर खाटू श्याम के भक्त झूम उठे।


खाटू श्याम निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

आसमान में उड़ता अबीर-गुलाल और खाटू नरेश के जयकारों के संग सैंकड़ों हाथों में लहराते निशान, पवित्र अग्नि की ज्योति के साथ हर तरफ फूलों की वर्षा के बीच उमड़ा आस्था का सैलाब और धार्मिक उल्लास। कुछ ऐसा ही नजारा था कस्बा स्थित काली देवी मंदिर से खाटू श्याम समिति के तत्वाधान में शुक्रवार को निकाली गई बाबा खाटू श्याम की निशान यात्रा का। नयनाभिराम आकर्षक झांकियां भक्तों को आकर्षित करती रहीं। रथ में सतरंगी फूलों से सजे भगवान खाटू श्याम विराजमान रहे। बाबा श्याम की झांकी को देखने एवं पूजा-अर्चन करने को सड़क किनारे भक्तों की कतारें लगी हुई थीं। जहां-जहां से निशान यात्रा गुजरी वहां पर भक्तों ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा, श्याम तेरे दर पर आया भक्त, तू ही है भक्तों का सहारा जैसे भजनों पर खाटू श्याम के भक्त झूम उठे। बाबा के भजनों पर नृत्य करते हुए रंग- बिरंगे परिधानों में भक्तजन परिक्रमा पर निकल पड़े। आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ा कि निशान यात्रा में श्रद्धालुओं के हाथों में बाबा का निशान लहरा रहा था। डीजे एवं बैंडबाजों पर बज रहे भजनों की धुन पर भक्तजन थिरकते एवं महिलाएं झूमती-नाचती हुए चल रही थीं। कस्बे के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करने के बाद यात्रा मंदिर पहुंचकर खत्म हुई। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि शनिवार को कस्बा स्थित सब्जी मंडी परिसर में खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन होगा। यात्रा में नरेंद्र धुरिया, निहाल गुप्ता, लव अवस्थी, दिनेश गुप्ता, श्यामजी गुप्ता, अमन गुप्ता, शिवम गुप्ता, करन गुप्ता, सूरज, अंकित गुप्ता, प्रतीक सिंह, चंदन कुशवाहा, नगर पंचायत पूर्व चेयरमैन मनोज गुप्ता, चेयरमैन प्रतिनिधि रमेशचंद्र साहू, रामकिशोर गुप्ता, कमलाकांत त्रिवेदी, राहुल गुप्ता आदि रहे।


बलखंडेश्वर मंदिर में आते श्रद्धालु।


उमंगेश्वर मंदिर में पूजा करते भक्त।


प्रभु के दर्शन को भक्तों की उमड़ी भीड़। अमृत विचार

# महाशिवरात्रि : भोर से ही शिवालयों में गूंजा बम-बम भोले

## शिव की पूजा-अराधना कर मांगी सुख समृद्धि, शिवालयों में किया गया विशेष श्रृंगार, दिन भर उमड़ते रहे श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की विशेष पूजा आराधना कर सुख समृद्धि की कामना की। भोर पहर से ही बम बम भोले के जयघोष से शिवालय गूंज उठे और चारों ओर हर हर महादेव के जयकारे लगने लगे।

सुबह से ही शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ जुटना शुरू हो गई। शिव तांडव, बलखंडेश्वर मंदिर, करिया पठवा द्वादश उमंगेश्वर ज्योर्तिलिंग शिव मंदिर, कण्टेश्वर, पठेश्वर मंदिर, बड़ी चंद्रिका मंदिर के पास शंकर जी का मंदिर सहित विभिन्न शिव मंदिरों में भक्तों ने जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, धतुरा, बेल पत्ती चढ़ाकर पूजा अर्चना की, इसके बाद सारा दिन मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान और भंडारे चलते रहे। सुरक्षा की दृष्टि से शिव मंदिरों के आसपास भारी पुलिस बल भी तैनात रहा।

महाशिवरात्रि पर्व पर शुक्रवार को शिवालयों में शिव शंकर का विशेष श्रृंगार और अकर्षक सजावट की गई। मंदिरों में सुबह से देर शाम तक भक्तों का आना जाना लगा रहा। शिव मंदिरों में सबसे ज्यादा भीड़ युवतियों और महिलाओं की रही। महिलाओं ने पूजा अर्चना करने के बाद प्रसाद ग्रहण किया। तहसील चौराहा के पास बने शिव मंदिर के अलावा नगर के तमाम मंदिरों में बिजली की रंगबिरंगी झालरों के माध्यम से अकर्षक सजावट की गई, इसके अलावा फूल पत्तियों से भी मंदिर को सजाया गया। सुबह से मंदिरों में भक्तों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की।

महाशिव रात्रि पर्व पर भक्तों ने भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा कर परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। भगवान को बेल पत्र, शहद, दूध, दही, गंगाजल, भांग, धूपबत्ती, फल-फूल और मिष्ठान अर्पित किया।

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिवभक्तों ने व्रत भी रखा और भोलेनाथ का गंगाजल और गाय के दूध से अभिषेक किया गया साथ ही हर हर महादेव का जय घोष लगाकर अपनों को इस दिन की बधाई भी दी। ग्रामीण अंचलों में भी महाशिव रात्रि पर्व बड़े श्रद्धा भाव और उत्साह के साथ मनाया गया। भोर पहर से ही शिवालय बम बम भोले के उद्घोष से गूंज उठे। शिवालयों में धार्मिक अनुष्ठान के साथ कन्या भोज के भी आयोजन किए गए। जहां पर कन्याओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। शिव मंदिरों के मार्गों में सारा दिन चहल पहल रही।


बाजार से रथ पर निकली भोलेनाथ की झांकी। अमृत विचार

### प्रसाद ग्रहण करने के लिए लोगों ने लगाई लाइन

महाशिवरात्रि त्योहार को लेकर अस्थावानों ने जगह जगह भंडारों का आयोजन कर लोगों को प्रसाद ग्रहण कराया। प्रसाद पाने के लिए लोग सुबह से ही भंडारों में पहुंच गए। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए लोग तेज धूप में भी लाइन पर खड़े रहे। भंडारे में जुट रही भीड़ व्यवस्थित करने के लिए लोगों की लाइन लगवाई गई। एक के बाद एक लाइन से आने वाले लोगों को प्रसाद दिया गया। पुरानी प्राइवेट बस स्टैंड के पास भी अस्थानवानों ने भंडारे की व्यवस्था की, जहां पर लोगों की प्रसाद पाने के लिए भारी भीड़ जुटी।

# शिव बारात में झांकियों ने मन मोहा, बरसे फूल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- भोलेनाथ के दर्शन के लिए सड़कों पर उमड़ पड़ा जन सैलाब

**अमृत विचार।** शहर में महाशिवरात्रि त्योहार पर अलग अलग शिव मंदिरों से शिव भक्तों द्वारा बैंडबाजा और डीजे की धुन पर शिव बारात निकाली गई। नगर में शुक्रवार को हर गली और मार्ग में निकल रही शिव बारात को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ जुटी। शिव बारात में प्रभु शंकर और पार्वती के प्रतिरूप धारण किए युवा वाहन पर बैठे नजर आए। शिव बारात का भक्तों द्वारा ठंडाई, खीर, हलवा, पानी आदि से स्वागत किया गया।

शहर के बलखंडेश्वर मंदिर, रामकुंड मंदिर, पठेश्वर मंदिर सहित अन्य स्थानों से शिव बारात निकाली गई, जो परम्परागत मार्गों से शहर में घूमते हुए पुनः रामकुंड, बलखंडेश्वर, पठेश्वर मंदिरों में पहुंचकर समाप्त हुई।

### महादेव की पूरी रात पूजा चलने से शिवरात्रि कहा जाता

उमंगेश्वर द्वादस ज्योर्तिलिंग शिव मंदिर के मुख्य पुजारी शिवकिशोर पांडेय कहते हैं कि महाशिवरात्रि साल में एक बार होती है। भगवान वेदव्यास ने सारे पुराण लिखे। महाशिव पुराण के बारे में जिक्र है कि महाशिवरात्रि के दिन केवल शिवलिंग का पूजन होता है। पहला पूजन प्रभु विष्णु और ब्राम्हा ने शिवलिंग का पूजन किया। इस महादेव की पूजा पूरी रात चली, इसलिए इसे शिवरात्रि कहा जाता है। वेदव्यास जी ने सभी पुराणों उपनिषदों और अन्य ग्रंथों की रचना द्वापर युग में बद्रीनाथ धाम में एक शिलाखंड से बनी गुफा में गणेशजी के सहयोग से की थी। वह गुफा आज भी वहां पर नेपाल सीमा में बसे माड़ा गांव (उत्तराखंड) में की थी।

# शिवालयों में जुटी श्रद्धालुओं की भीड़, किया अभिषेक

संवाददाता कुलपहाड़ महोबा

- कस्बे में शिव बारात का जगह जगह किया गया स्वागत

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर्व पर शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। महिलाएं सुबह से पूजा थाली लेकरी मंदिरों में पहुंची और पूजा अर्चना कर भोलेनाथ से सुख समृद्धि की कामना की। शिवालयों में भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा। शिव मंदिरों में महिलाओं की अधिक भीड़ दिखाई दी। बेल, धतूरा, बेलपत्र व अन्य पूजा सामग्री लेकर महिलाओं ने पूजा अर्चना की। पर्व के चलते शिव मंदिरों के आसपास भारी भीड़ जुटी। मंदिरों में सारा दिन भंडारा चलता रहा, जहां पर भारी संख्या में लोगों ने भंडारों में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

दोपहर बारह बजे से कस्बे में शिव पार्वती की बारात निकाली गई। डीजे और बैंडबाजों के बीच नगर के हटवारा मोहल्ला से शिव बारात निकाली गई, जो बस स्टैंड, मुख्य बाजार, टोरियापुरा, सतीयनपुरा, पुरानी तहसील गोंदी चौराहा होती हुई शिव मंदिर में पंहुच कर समापन हुआ। मार्गों में बारात में जुटी भीड़ को देखते हुए पुलिस कर्मियों ने मार्ग को कुछ समय के लिए खाली कराया, जिससे शिव बारात के दौरान कोई असुविधा न हो सके।

बेलाताल प्रतिनिधि के अनुसार महाशिवरात्रि का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं ने शिव मंदिरों में जलाभिषेक कर दूध दही बेल पत्री धतूरा भांग फल फूल आदि से भोलेनाथ का पूजन अर्चन किया।

# सफाई न होने से सड़क पर भरा गंदा पानी

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** कस्बा चरखारी के बाईपास रोड के दोनो तरफ बनी नालियों की साफ सफाई न होने से ग्रामीण क्षेत्रों की ओर जाने वाली मुख्य सड़क पर नालियों का गंदा पानी भरा होने से वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बस्ती के आसपास नालियों का गंदा, बदबूदार पानी भरा होने से तमाम संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है।

बाईपास रोड पर पेट्रोल पंप के पास से ग्रामीण क्षेत्र की ओर जाने वाली सड़क का निर्माण कराते समय दोनों तरफ नालियां भी बनवाई गई थी, लेकिन उनकी साफ सफाई न किए जाने से नालियों का गंदा पानी बस्ती और सड़क पर भर रहा है। लोगों की मानें तो बारिश के मौसम में सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ती है, नाली चोक होने से गंदा पानी सड़कों के साथ साथ घरों तक पहुंच जाता है।

कुछ यही हाल नगर के मोहल्ला धुबियाना और एनआर पालीवाल स्कूल मार्ग का है। यहां पर भी जगह जगह नालियां कचड़े से पटी पड़ी हैं, जिसके चलते नालियों का गंदा पानी सड़कों पर भर जाता है नालियों की नियमित साफ सफाई न होने से मच्छरों के साथ साथ संक्रामक बीमारियों का खतरा लोगों पर मंडरा रहा है। लोगों का कहना है कि मंदिर में पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं और स्कूल आने जाने वाले छात्र छात्राओं को सड़क पर भरे गंदे पानी को पार करके गुजरना पड़ता है।


सड़क पर भरा गंदा पानी। अमृत विचार

# 35 साल से संसद नहीं पहुंच सका कांग्रेस प्रत्याशी




सैयद आसिफ अली, महोबा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता भले ही लागू न की गई हो, लेकिन राजनैतिक दलों द्वारा प्रत्याशियों की घोषणा होने के बाद चुनावी माहौल दिखने लगा है। हमीरपुर-महोबा संसदीय क्षेत्र में आखिरी बार 1984 में कांग्रेस प्रत्याशी जीता था लेकिन उसके बाद 1989 से आज तक कांग्रेस प्रत्याशी संसद नहीं पहुंचा। लगभग चार दशक से संसद जाने का रास्ता देख रही कांग्रेस पार्टी ने इस दफा गठबंधन का सहारा लिया है, जिससे किसी भी तरह कांग्रेस गठबंधन का प्रत्याशी इस संसदीय सीट से संसद का रास्ता तय कर सके। पिछले 35 सालों से संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस दिल्ली नहीं पहुंच सकी है।

1952 से शुरू हुए लोकसभा चुनाव में संसदीय सीट पर कांग्रेस का लम्बे समय तक दबदबा रहा है, लेकिन 1984 के बाद 1989 से कभी जनता दल की लहर, कभी सपा, बसपा और भाजपा की लहर के चलते कांग्रेस प्रत्याशी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का परचम नहीं सका फहरा। अब कांग्रेस ने गठबंधन का रास्ता अपनाकर चुनावी वैतरणी पार करने का तरीका खोजा है। राष्ट्रीय पार्टी होने के बाद भी बुंदेलखंड में कांग्रेस का वजूद खत्म सा होता जा रहा है। हालत यह है कि हर चुनाव में प्रत्याशी बदलने के बाद भी कांग्रेस को कामयाबी नहीं मिल रही है। कभी भारत जोड़ो यात्रा तो कभी न्याय यात्रा निकालकर कांग्रेस वोट बैंक को बढ़ा रही है, लेकिन बुंदेलखंड में कांग्रेस की यात्राओं का भी कांग्रेस प्रत्याशियों को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है।

वर्ष 1984 में हमीरपुर महोबा संसदीय क्षेत्र से अंतिम बार कांग्रेस प्रत्याशी स्वामी प्रसाद सिंह ने जीत दर्ज की थी, लेकिन उसके बाद से आज तक कांग्रेस इस सीट से जीत के लिए जीजान से जुटी हुई है फिर भी वह जीत नहीं प्राप्त कर पा रही है। 1952 से अब तक 17 बार हुए लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा सात बार संसदीय सीट पर जीत दर्ज कराने वाली कांग्रेस अब हासिए पर पहुंच गई है। कांग्रेस इस दफा इंडिया गठबंधन के साथ चुनावी मैदान में डटी है। कांग्रेस के बाद पांच बार भारतीय जनता पार्टी ने संसदीय क्षेत्र से जीत दर्ज कर भगवा फहराया है। भाजपा ने तीसरी बार पुष्पेंद्र सिंह चंदेल पर दांव लगाया है। वहीं इंडिया गठबंधन में यह सीट इस बार सपा के खाते में गई है। सपा ने पीडीए कार्ड खेलते हुए लोधी समाज के अजेंद्र राजपूत को टिकट देकर नया दांव चला है। जबकि बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी घोषित करने में फिसड्डी सबित हो रही है।

- गठबंधन के चलते सपा के खाते में गई सीट, 1984 में जीता था कांग्रेस प्रत्याशी

**हमीरपुर-महोबा सीट**

| पार्टी का नाम | विजयी |
|---|---|
| कांग्रेस | 07 |
| भाजपा | 05 |
| बसपा | 02 |
| जनता पार्टी | 01 |
| जनता दल | 01 |
| सपा | 01 |

# अनियंत्रित स्कूटी गिरने से बहू की मौत, ससुर घायल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** कस्बा कुलपहाड़ के मोहल्ला टोरिया पुरा निवासी अखिलेश 42 पत्नी रामपाल अपने ससुर के साथ कबरई से स्कूटी से अपने घर लौट रही थी तभी हाईवे में ग्राम बारीपुरा के पास स्कूटी का संतुलन बिगड़ गया और महिला स्कूटी समेत सड़क पर गिर गई। जिससे महिला के सिर पर गंभीर चोट आने के कारण उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उसका ससुर मुन्ना बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया, और स्कूटी सवार महिला का शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# प्रगतिशील कृषकों को बताए उन्नत खेती के तरीके

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के लखनऊ स्थित क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र के प्रभारी डॉ. जीपी सिंह, संयुक्त निदेशक के निर्देशन एवं भावना नंगल, जिला कृषि रक्षा अधिकारी के सहयोग से महोबा में जिले के विभिन्न विकास खण्ड से आए हुए किसानों को नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम (एनपीएसएस) ऐप के बारे में भारत सरकार की टीम द्वारा प्रशिक्षित किया गया।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार के एनपीएसएस प्रशिक्षण कार्यक्रम से जनपद के किसान लाभान्वित होंगे और ऐप के माध्यम से फसलों में कीड़े-बीमारी का आईपी एम तकनीक से प्रबंधन कर कम लागत में दोगुनी आय प्राप्त करेंगे। रीजनल सेंट्रल आईपीएम सेंटर लखनऊ के वनस्पति संरक्षण अधिकारी अमित कुमार सिंह ने एनपीएसएस ऐप की वर्तमान उपयोगिता एवं प्रासंगिकता के बारे में बताया। सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी डॉ सुधींद्र ने बताया कि इस ऐप के माध्यम से प्रशिक्षित किसान फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीड़े -बीमारियों की पहचान एवं उसका समाधान आसानी से कर सकेंगे। किसान भाई अपने गांव से ही कीड़े - बीमारियों की सूचना मंत्रालय में भेज सकते हैं।

सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी रूपेश कुमार ने एनपीएसएस ऐप के उपयोग की विधि तथा पेस्ट सर्विलांस के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान किया। कार्यक्रम में कृषि विभाग से संतोष कुमार सहित विभिन्न विकास खण्ड के प्रगतिशील कृषकों के साथ- साथ सम्बन्धित विकास खण्ड के पौध सुरक्षा पर्यवेक्षक भी उपस्थित रहे।


किसानों को जानकारी देते प्रशिक्षक। अमृत विचार

# निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर आज

**महोबा।** जिले वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए जीवन केयर फार्मेसी तहसील के पास महोबा द्वारा शनिवार को निःशुल्क परामर्श और जांच स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक अनायत ने बताया कि इस शिविर में मुंबई के फिजिशियन एण्ड सर्जन डॉ. अब्दुल रज्जाक द्वारा शुगर, ब्लड प्रेशर, डेंगू, मलेरिया, माई ग्रेन, थायराइड, हृदय रोग, पथरी, चर्मरोग के अलावा बच्चों के उपचार किया जाएगा।

**विद्युत विभाग** लक्ष्य के सापेक्ष कम वसूली पर मुख्य अभियंता ने जताई नाराजगी, लक्ष्य प्राप्ति के दिये निर्देश

# वसूली कम होने पर चार इंजीनियरों को निंदा प्रवृष्टि

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** बिजली विभाग बांदा क्षेत्र के मुख्य अभियंता ने जिले के राजस्व और तकनीकी कार्यों की समीक्षा के लिए जिला मुख्यालय का औचक निरीक्षण किया। बैठक में राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान प्राप्त प्रगति रिपोर्ट पर असंतोष जताया। माह फरवरी 2024 में खंडवार राजस्व वसूली के आंकड़े कम पाए गए। मुख्य अभियंता ने जल्द से जल्द राजस्व लक्ष्य शत प्रतिशत प्राप्ति के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए।

मुख्य अभियंता ने राजस्व वसूली कम पाए जाने और कार्य के प्रति रुचि न लेने पर अवर अभियंता चरखारी बलराम, अवर अभियन्ता-गौरहारी राजू मौर्या, अवर अभियंता -रिवई दयानन्द यादव तथा अवर अभियन्ता-महोबकण्ठ/भरवारा अनीस अली को असंतोषजनक राजस्व वसूली, विभागीय कार्यों में अनुशासनहीनता तथा लापरवाही के लिए निन्दा प्रवृष्टि दी गयी साथ ही अवर अभियंता, अजनर/धौर्रा अमित पाण्डेय व उपखण्ड अधिकारी, कुलपहाड़ राकेश कुमार को असंतोषजनक राजस्व वसूली, विभागीय कार्यों में अनुशासनहीनता तथा लापरवाही के लिए चेतावनी देते हुये स्थानान्तरण की संस्तुति की गयी।

मुख्य अभियंता ने समस्त अधिकारियों तथा कर्मचारियों को निर्देशित किया कि विद्युत बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत संयोजन विच्छेदित कराएं तथा न्यूनतम तीन दिवस तक कटे संयोजनों की मॉनिटरिंग करें और संयोजन जुड़ा पाये जानें पर विधिक कार्रवाई अमल में लाएं।

**लक्ष्य के सापेक्ष की गई वसूली का विवरण**

| खण्ड का नाम | राजस्व | लक्ष्य राजस्व प्राप्ति | प्राप्ति प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| विद्युत वितरण खण्ड प्रथम, महोबा | 8.32 करोड़ रुपये | 3.82 करोड़ रुपये | 45.96 |
| विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय, महोबा | 13.35 करोड़ रुपये | 8.50 करोड़ रुपये | 63.67 |


अधिकारियों की बैठक लेते मुख्य अभियंता। अमृत विचार

### पठा उपकेंद्र की विद्युत आपूर्ति नौ घंटे ठप रहेगी

महोबा। विद्युत वितरण खंड महोबा अंतर्गत आने वाले 33 और 11 केवी विद्युत उपकेंद्र पठा में स्थापित परिवर्तक 05 एमवीए की क्षमता वृद्धि कर 10 एमवीए का पावर परिवर्तक स्थापित करने के लिए उक्त उपकेंद्र से पोषित 11 केवी फीडर हमीरपुर चुंगी, कलेक्ट्रेट, भटीपुरा, समदनगर एवं शाहपहाड़ी की बिजली आपूर्ति आज सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक बाधित रहेगी। जानकारी अधिशाषी अभियंता विद्युत ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

# मान्यता बगैर चल रहे 11 मदरसों को अल्पसंख्यक विभाग ने भेजा नोटिस

कार्यालय संवाददाता महोबा

- यू डायस पर सूचना अपलोड न करने पर इन मदरसा संचालकों पर कार्रवाई होना तय

**अमृत विचार।** जिले में अवैध रूप से संचालित 11 मदरसों पर कभी भी ताला पड़ सकता है। शासन द्वारा अल्पसंख्यक विभाग से बिना रजिस्ट्रेशन के गैर मान्यता प्राप्त संचालित मदरसों का डाटा मांगा गया था, लेकिन 11 मदरसों के संचालकों द्वारा यू डायस पर सूचना अपलोड न करने पर इन मदरसो संचालकों पर कार्रवाई होना तय माना जा रहा है। इससे मदरसा संचालकों में हड़कंप मचा है।

जिला अल्पसंख्यक विभाग द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेजी गई सूची में जयपुर ब्लॉक क्षेत्र के दो मदरसे भी शामिल हैं। पिछले साल जिले में संचालित ऐसे मदरसों की जानकारी मांगी गई थी जो बिना मान्यता के चल रहे हैं। मदरसा संचालकों से मदरसे में तालीम हासिल करने वाले बच्चों की संख्या के अलावा धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा में शामिल गणित अंग्रेजी विज्ञान कंप्यूटर आदि विषयों के पठन-पाठन तथा आय के स्रोत आदि के बारे में संपूर्ण जानकारी मांगी गई थी। जिले के 11 मदरसों की तरफ से बच्चों का डाटा यू डायस पर अपलोड ना करने पर नोटिस जारी किया गया है।



अल्पसंख्यक विभाग द्वारा जारी किए गए नोटिस में कस्बा जयपुर की पुलिस चौकी के पीछे स्थित इस्लामिया स्कूल जो करीब 50 वर्षों से संचालित बताया जा रहा है वहीं मदरसा नूरी मस्जिद अजमेर में भी शामिल है जिले के जेनो और मद्रास को नोटिस भेजा गया है इसमें गोसिया रिजविया काजीपुरा महोबा, इस्लामिया मकतब खरेला, मदरसा मदीना दारुल कजियाना चरखारी मदरसा दारुल उलूम प्रेम नगर, मदरसा दारुल किरत मगरिया, मदरसा चरखारी, मदरसा मोहम्मदिया आदि शामिल है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# पहले चुनाव से अब तक 33 प्रतिशत बढ़ा मतदान

## वर्ष 1967 के लोकसभा चुनाव में सबसे कम 26.61 फीसदी पड़े थे वोट, 2019 के चुनाव में 61.16 प्रतिशत पहुंची वोटिंग

**लोकसभा चुनाव-2024**

राजेश सिंह, हमीरपुर

**अमृत विचार।** मतदाताओं में जागरूकता पैदा कर अच्छे प्रत्याशी को संसद भेजे जाने के प्रयास हर बार होते हैं। इन प्रयासों के परिणाम भी सार्थक दिखाई देने लगे हैं। देखा जाए तो वर्ष 2014 और 2019 के चुनावों में मतदाताओं ने वोट डालने में सर्वाधिक दिलचस्पी दिखाई। इन चुनावों ने पिछले 1952 से 2004 तक हुए सभी लोकसभा चुनावों के रिकार्ड तोड़ डाले हैं। इसका श्रेय प्रशासनिक अमले के साथ विभिन्न राजनीतिक दलों के बूथ कार्यकर्ताओं को जाता है। जिन्होंने घरों से वोटरों किसी न किसी साधन से मतदान केंद्रों तक पहुंचाया। आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में भी सपा पीडीए तो भाजपा बूथ चलो बूथ जीतो अभियान से मतदाताओं के बीच पैठ बनाने में लगी है।

एक वोट में सियासी तस्वीर बदलने की ताकत है। अगर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में आजादी के बाद से



**1952** में हुआ था पहला लोस चुनाव

● मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाने से लगातार बढ़ता जा रहा मतदान प्रतिशत

अब तक हुए चुनावों पर गौर किया जाए तो पिछले 2019 में मतदाताओं ने उत्साह से वोट डाले। तब मतदान का सर्वाधिक प्रतिशत 61.14 रहा। वहीं अगर अतीत में जाएं तो 1967 में इस संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं की वोट डालने में सबसे कम दिलचस्पी रही और मतदान का प्रतिशत मात्र 26.61 रह गया। आजादी के बाद 1952 में हुए चुनाव में कुल 3,36,458 मतदाताओं

**पहले चुनाव से अब तक हुआ मतदान**

| वर्ष | प्रतिशत | वर्ष | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1952 | 38.25 | 1957 | 39.91 |
| 1962 | 50.83 | 1967 | 26.61 |
| 1971 | 52.2 | 1977 | 55.73 |
| 1980 | 52.25 | 1984 | 56.39 |
| 1989 | 47.48 | 1991 | 45.62 |
| 1996 | 42.91 | 1998 | 55.35 |
| 1999 | 57.91 | 2004 | 50.92 |
| 2009 | 48.4 | 2014 | 58.5 |
| 2019 | 61.16 | – | – |

में सिर्फ 38.25 फीसदी लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया था। तब कांग्रेस से विजयी रहे मन्नूलाल द्विवेदी को मात्र 42,118 मत मिले थे। इस चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी रणविजय बहादुर सिंह को 37,972 मत मिले। 1957 में हुए संसदीय चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मन्नूलाल द्विवेदी ने 28.64 प्रतिशत वोट पाए। वहीं पीएसपी उम्मीदवार पंडित छन्नीलाल को 28.19 प्रतिशत वोट पाए। कुल मिलाकर देखा जाए तो दोनों प्रत्याशियों के बीच जीत का फर्क सिर्फ 0.45 प्रतिशत रहा। 1962 में 50.83 फीसदी मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। मत प्रतिशत बढ़ने से तब कांग्रेस के प्रत्याशी मन्नूलाल द्विवेदी ने भारी अंतर यानी 47.86 प्रतिशत वोट हथियाए।

वर्ष 1967 में कुल 9,60,956 मतदाताओं में 2,55,667 ने मताधिकार का प्रयोग किया। तब वोट का प्रतिशत 26.61 रहा। उस वक्त भारतीय जनसंघ पार्टी के प्रत्याशी स्वामी ब्रह्मानंद ने 54.13 फीसदी वोट पाकर विजय हासिल की। वहीं 1971 के लोकसभा चुनावों में 52.2 फीसदी वोट पड़ा। इस चुनाव में स्वामी ब्रह्मानंद ने कांग्रेस से चुनाव जीता और 52.01 प्रतिशत वोट पाया। देखा जाए तो 1991 में वोट का प्रतिशत कम यानी 45.62 रहा। तब भाजपा प्रत्याशी विश्वनाथ शर्मा सिर्फ 0.7 प्रतिशत अधिक मत पाकर जनता दल प्रत्याशी गंगाचरण राजपूत को हरा सके। इधर 2014 व 2019 में हुए लोकसभा चुनाव पर नजर डालें तो मतदाताओं ने वोट के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई है। यही कारण रहा कि इन दोनों चुनावों में क्रमशः 58.05 व 61.16 फीसद मतदान हुआ था। कुल मिलाकर होने वाले संसदीय चुनाव में 18 लाख 31 हजार 558 मतदाता हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के बाद प्रशासन ने चुनावी तैयारियों में जुटा है।

### 85 वर्ष आयु के ऊपर वालों को घर पर मिलेंगे बैलेट पेपर

**हमीरपुर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को मतदान करने के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। बताया कि प्रदेश के समस्त 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को सूचित किया है कि वह स्वेच्छा से पोस्टल बैलेट के माध्यम से निवास स्थान पर मतदान करने के लिए निर्धारित फार्म- 12 डी में आवेदन कर अपने निवास स्थान पर मताधिकार का उपयोग कर सकते है। उपरोक्त फार्म- 12 डी अधिसूचना जारी होने के 5 दिवसों के अंदर संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बीएलओ द्वारा घर घर जाकर 85 वर्ष की आयु वर्ग के ऊपर के मतदाताओं को उपलब्ध कराया जाएगा तथा भरा हुआ फार्म- 12 डी प्राप्त किया जाएगा। उक्त फार्म- 12 डी भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट www.eci.gov.in के होम पे पर MENU के अंतर्गत candidate nomination and other forms के लिंक पर उपलब्ध है, जहां से इसे डाउनलोड करके भरकर सम्बंधित निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर के कार्यालय में जमा कराया जाएगा।

# मौसम में बदलाव से अस्पताल में लगातार बढ़ते जा रहे मरीज

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बा के सरकारी अस्पताल में इन दिनों मौसम के परिवर्तन से प्रभावित खांसी जुकाम और वायरल बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ने से अस्पताल में सुबह से शाम तक मरीज के आने जाने का सिलसिला जारी रहता है।

औसतन इस समय में ढाई सौ से अधिक मरीज सिर्फ वायरल से प्रभावित खांसी, जुकाम और बुखार के मरीज होते हैं। पर्याप्त दवाएं होने के बावजूद कुछ चिकित्सक बाहर से भी दबाए आज भी लिखकर मरीज को जल्दी आराम दिलाने की वकालत करते हैं तो वहीं लैब में कर्मियों की भारी कमी के चलते प्रतिदिन 100 के आसपास जांच पहुंचने पर यह पूरी नहीं हो पाती। वैसे तो चिकित्सक पर्याप्त है लेकिन विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी लगातार बनी हुई है। तब भी आसपास के क्षेत्र में यह बेहतर अस्पताल माना जाता है। महोबा और सुमेरपुर क्षेत्र के मरीज भी यहां बड़ी संख्या में आते हैं। अस्पताल के अधीक्षक डॉ.रजत रंजन तिवारी ने बताया कि इस समय अस्पताल में दवाइयां भी भरपूर है। जो दवा समाप्त होने को होती है उन्हें तत्काल आदेश से मंगा लिया जाता है। पैथोलॉजी में जाचों के लिए लगातार प्रयास जारी हैं।

# मंगेतर से बात करने के बाद युवती ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शहर कोतवाली के मेरापुर मोहल्ले में गुरुवार को युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतका की मां ने आरोप लगाया कि बेटी की शादी तय हो गई थी। बेटी मंगेतर से फोन पर बात भी करती थी। लड़के ने बेटी से शादी को लेकर कुछ ऐसी बात कह दी, जो उसे नागवार गुजरी और उसने घर पर फांसी लगा ली। अस्पताल में युवती को मृत घोषित किए जाने पर परिजनो ने वहां हंगामा भी किया।

शहर के मेरापुर मोहल्ला निवासी रामप्रकाश निषाद की 22 वर्षीय बेटी रुचि ने गुरुवार शाम फांसी लगा ली। फंदे से नीचे उतार कर परिजन उसे जिला अस्पताल लाए।



रोती-बिलखती परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रुचि की मां भानमती ने बताया कि पिछले दिनों रमेड़ी मोहल्ले में बेटी की सगाई रस्म हुई है। नवरात्र में शादी की डेट फिक्स होनी थी और इसी गर्मियों में शादी करनी थी। रुचि की लड़के से फोन में बात भी होती रही है। परिजनों के अनुसार लड़के ने रुचि से शादी को लेकर कुछ ऐसी बात कह दी जो उसे नागवार गुजरी और उसने घर पर फांसी लगा ली। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। इमरजेंसी में मौजूद डॉ. विपिन राजपूत ने रुचि

● परिजनो ने अस्पताल में किया हंगामा, मौके पर पहुंची पुलिस

को मृत घोषित कर दिया। इधर परिजनों के कहने पर चिकित्सक ने ईसीजी मशीन भी चेकअप के लिए मंगाई, लेकिन इसे लाने में स्टाफ को करीब आधा घंटा लग गया। ईसीजी में मौत की पुष्टि होने पर भड़के परिजनों ने अस्पताल कर्मियों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगा हंगामा करना शुरू कर दिया। स्टाफ के साथ अभद्रता की गई और मेज पर रखा सामान फेंक दिया। अस्पताल में हंगामे की सूचना पर कोतवाली के क्राइम इंस्पेक्टर गुलाब चंद्र सोनकर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी ली और कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# मंडी की दुकान व गोदाम खाली होंगे

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे प्रशासनिक अधिकारियों ने दूसरे दिन नवीन गल्ला मंडी पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद एडीएम ने एक सप्ताह के अंदर व्यापारियों से गोदाम, दुकानें, बरामदा व टीन शेड खाली कराने के निर्देश दिए हैं।

शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार मिश्रा, एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक एवं पीडब्ल्यूडी के अभियंताओं के साथ दोपहर में पुनः नवीन गल्ला मंडी पहुंचे और



नवीन गल्ला मंडी का निरीक्षण करते एडीएम अरुण कुमार मिश्रा। अमृत विचार

स्ट्रांगरूम, कंट्रोल रूम, आदि बनाए जाने के अलावा गोदामों, दुकानों आदि का डोर टू डोर निरीक्षण करके मंडी सचिव को एक सप्ताह के अंदर टीन शेड व बरामदों को प्रत्येक दशा में खाली करने के निर्देश दिए। एडीएम ने पीडब्ल्यूडी अभियंताओं से कहा कि वह तैयारियां शुरू करें।

## कार बेकाबू होकर नहर में गिरी, दो लोग घायल

**राठ(हमीरपुर)।** कस्बे के गल्ला मंडी के पास एक कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। इस हादसे में कार सवार दो लोग गंभीर घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। कोतवाली क्षेत्र के सैदपुर गांव निवासी राजू पुत्र रामसिंह अपने रिश्तेदार उमेश कुमार पुत्र संतोष निवासी घटेरा थाना पनवाड़ी के साथ कार में सवार होकर राठ आ रहे थे। गल्ला मंडी के पास नहर बाईपास पर अचानक कार का संतुलन बिगड़ गया, जिससे कार नहर में जा गिरी।

# बाइक व साइकिल की टक्कर में तीन घायल

कुरारा (हमीरपुर)

● दो गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया

**अमृत विचार।** कस्बे के कृषि विज्ञान केंद्र के सामने बाइक सवार ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। जिससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया। कस्बे के कृषि विज्ञान केंद्र के सामने शुक्रवार को सुबह 11बजे पारा गांव निवासी दीपक (23) अपने साथी सुमित(18) के साथ बाइक से भौली गांव जा रहा था। तभी कृषि विज्ञान केंद्र के सामने सिकरोढ़ी गांव निवासी देवीदीन (60) साइकिल से जा रहा था। तेज गति से बाइक की साइकिल में टक्कर लगने से बाइक व साइकिल चालक सड़क में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद सुमित व देवीदीन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## सार-संक्षेप



जन जागरुकता कार्यक्रम को संबोधित करते अमन सिंह। अमृत विचार

### वॉटर क्वालिटी को लेकर लोगों को किया जागरूक

**सरीला( हमीरपुर )।** जल जीवन मिशन नमामि गंगे ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश शासन जनपद की समस्त ग्राम पंचायत में वॉटर क्वालिटी सर्वेक्षण जल जांच जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। शुक्रवार को विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बंडवा में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सामाजिक मानचित्र, फिल्म प्रोजेक्टर, वीडियो शो, हॉटस्पॉट प्रदर्शनी, आईईसी मटेरियल वितरण आदि जन जागरूकता के कार्यक्रमों को लेकर एजेंसी इन्फोटेक सॉल्यूशन ने महिला दिवस के शुभ अवसर पर टीम की तरफ से दीपू द्वारा अंग वस्त्र देकर महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला समन्वयक अमन सिंह, सुरेश मौर्य, कंप्यूटर ऑपरेटर पवन द्विवेदी, ग्राम प्रधान प्रताप सिंह, भूतपूर्व प्रधान अवधेश कुमार, वीर प्रताप लोकतंत्र सेनानी, पिंकी गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, दिव्या मिश्रा, नफीस, आदिल खान आदि उपस्थित रहे।



सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल का स्वागत करते विधायक व अन्य भाजपा कार्यकर्ता।

### भाजपा सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल का किया स्वागत

**सुमेरपुर( हमीरपुर )।** गुरुवार को देर शाम कस्बे में आए भाजपा प्रत्याशी का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। पिछले दस वर्षों से लोकसभा में प्रतिनिधित्व कर रहे पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को भाजपा ने तीसरी बार मैदान में उतारा है। प्रत्याशी बनने के बाद गुरुवार को देर शाम कस्बे में पधारे कस्बे सांसद का भाजपाइयों ने बस स्टैंड में फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति, जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, ब्लॉक प्रमुख जयनरायन सिंह यादव, चेयरमैन धीरेंद्र शिवहरे, मंडल अध्यक्ष अरिमर्दन सिंह, मुनीर खान, देवेंद्र पालीवाल, नवल शुक्ला, दिगपाल चंदेल, महेंद्र सिंह, रोहित शिवहरे, संतराम गुप्ता, पुष्पराज सोनी, शिवेंद्र सिंह, मीना यादव, नीतू द्विवेदी, सुनीता शिवहरे, चुनमुन सिंह, शरद चंदेल, शशिकांत शुक्ला, सियाचरण शर्मा, मोहित साहू, रणवीर सिंह आदि मौजूद रहे। इसके अलावा इंगोहटा में भी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।




अस्पताल में बैठक कर रणनीति तैयार करते पदाधिकारी।

### फार्मासिस्ट एसोसिएशन की कार्यकारिणी का विस्तार

**मौदहा (हमीरपुर)।** संगठन के सदस्यों की लंबित मांगों और विभाग में बार बार पत्राचार के बाद भी लिपिक की उदासीनता को लेकर संगठन के सदस्यों ने बैठक कर चर्चा की। साथ ही संगठन की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। कस्बे के सरकारी अस्पताल में डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अंकित सचान और जिला मंत्री अजय कुमार शिवहरे की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई जिसमें लम्बे समय से संगठन के सदस्यों की लम्बित मांगों पर लिपिक द्वारा उदासीनता बरतने के चलते उनका निराकरण नहीं होने के कारण संगठन के सदस्यों ने आक्रोश जताया। साथ ही संगठन विस्तार कर दिनेश सिंह, रामसिंह, सुनीत सचान,विवेक गुप्ता,रामदेवकी पाल,शिवशंकर पटेल, ओमप्रकाश राजपूत, विजय कुमार, अजय सचान, धर्मेंद्र सचान, कुलदीप सचान को उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। बैठक में संगठन के लगभग आधा सैकड़ा सदस्य मौजूद रहे।

### दो लोगों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के उमराहट गांव में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पीड़ित पक्ष ने दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। उमराहट गांव निवासी हरीबाबू ने थाने में दी तहरीर में बताया कि गुरुवार को वह खेतों से घर आ रहा था। तभी मुझे देखकर गांव के ही करन, जय सिंह अकारण गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट करने लगे। जिससे गंभीर चोट आई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पिता और भाइयों पर मारपीट करने का आरोप

**मौदहा।** क्षेत्र के ग्राम खण्डेह निवासी दीपक ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि रात के समय जब वह अपने घर में था। तभी उसके पिता हरिकिशन आ गए और उसकी पत्नी के साथ गाली गलौज करने लगे। पीड़ित ने बताया कि उसने गाली गलौज करने से मना किया तो उसके भाई संजय, गयादीन, सचिन भी आ गए और मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### तीन दिवसीय नाबार्ड मेला आज से

**मौदहा।** जनपद के युवा कौशल विकास मण्डल और स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा स्वनिर्मित उत्पादों की बिक्री एवं प्रदर्शनी हेतु नाबार्ड मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन कस्बे के पाण्डेय गेस्ट हाउस में नौ मार्च से ग्यारह मार्च तक किया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में लोगों से पहुंचने और स्व निर्मित उत्पादों को खरीदने की अपील की गई है। यह भी कहा गया कि अपने जिले, अपने गांव कस्बे के उत्पादों को खरीदने से यहां के लोगों का मनोबल बढ़ेगा।

### पुश्तैनी मकान निर्माण में दूसरे पक्ष ने डाला अड़ंगा

**सुमेरपुर( हमीरपुर )।** कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मोहाल में पुश्तैनी मकान के निर्माण में दूसरे पक्ष ने अड़ंगा डाल दिया है। पीड़ित पक्ष ने मुख्यमंत्री के साथ अधिशाषी अधिकारी को शिकायती पत्र देकर मकान निर्माण कराये जाने की मांग की है। धर्मेश्वर बाबा मोहल्ला निवासी कमला तिवारी ने मुख्यमंत्री के साथ ईओ को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसके ससुर का पुश्तैनी मकान धर्मेश्वर बाबा मोहाल में बना है। जो काफी जर्जर हो गया है। उसका पुत्र शशि तिवारी निर्माण करा रहा था। इसी बीच जेठ के पुत्र अरुण तिवारी व वरुण तिवारी तथा अरुण की पत्नी अर्चना तिवारी ने मौके में आकर गाली गलौज करते हुए निर्माण ठप करा दिया है। वही अरुण तिवारी का कहना है कि दूसरा पक्ष बगैर बंटवारे के निर्माण कर रहा है। इस वजह से रोका गया है। आरोप निराधार है।



# राहत: एट से सारसौखी तक दौड़ेगी शटल ट्रेन

जामवंत सिंह, उरई



स्टेशन पर खड़ी ट्रेन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सरकार द्वारा एट से शटल ट्रेन (मीटर गेज) का सफर उरई के सारसौखी रेलवे स्टेशन तक बढ़ाए जाने से कोच और जालौन क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। इससे लोग अब उरई पहुंचकर एक्सप्रेस ट्रेने पकड़ सकेंगे। इससे लोगों का सफर आसान हो जाएगा। साथ ही समय और धन भी बचेगा।

कोरोना से पहले तक एट जक्शन में बॉम्बे बीटी, साबरमती समेत आधा दर्जन एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज था, मगर कोरोना काल में ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया गया, पुनः ट्रेनों का संचालन तो शुरू हो गया मगर एक्सप्रेस ट्रेनों का एट स्टेशन का स्टॉप खत्म कर दिया गया है। जो आज तक शुरू नहीं हो सका है, इसलिए दिल्ली, कानपुर, झांसी, भोपाल, ग्वालियर समेत कई अन्य शहरों को जाने वाले कोच, जालौन, क्षेत्र के हजारों यात्रियों को एक्सप्रेस ट्रेन पकड़ने के लिए उरई अथवा झांसी जाना पड़ता है।

लोगों का यह भी कहना है कि अगर कोच से कानपुर दिल्ली ट्रेक से एट कोच ट्रेक को जोड़ दिया जाए तो दिल्ली की ओर जाने वाले कोच और जालौन क्षेत्र के यात्रियों को समुचित सुविधा मिल सकेगी, क्योंकि दिल्ली, आगरा और आगे का सफर तय करने के लिए इस क्षेत्र के लोगों को या तो झांसी होकर दिल्ली जाना पड़ता है, या कानपुर होकर, जिससे यात्रियों को सैकड़ों किलोमीटर का अधिक

- अब उरई पहुंचकर एक्सप्रेस ट्रेन पकड़ सकेंगे यात्री, कोरोना के बाद से नहीं रुकती कई ट्रेनें

सफर करना पड़ता है, जिससे धन और समय का अपव्यय होता है। इस ट्रेन के शुरू होने से क्षेत्र के दर्जनों गांव के लोगों में एट से कोच रेलवे ट्रेक को कानपुर दिल्ली मुख्य रेलवे ट्रेक से जोड़ने की मांग को भी बल मिला है।

कोच से एट शटल ट्रेन का इतिहास 123 साल पुराना है, अंग्रेजों ने 1901 में झांसी कानपुर मुख्य रेलवे ट्रेक से कपास के उत्पादन में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कोच से एट रेलवे लाइन बिछाने का काम किया था, जिससे यहां के उत्पादित कपास को देश के अन्य शहरों व विदेशों में भेजा जा सके। 1901 में आज का जिला मुख्यालय उरई एक गांव हुआ करता था, और कोच शहर के रूप में विकसित था। क्योंकि जनपद में सबसे पहले 1867 में नगर पालिका कोच की स्थापना हुई थी, कोच क्षेत्र के गांवों में उच्च क्वालिटी के कपास उत्पादन की वजह से ब्रिटिश सरकार ने बड़ा मील नाम से कपास से रुई निकलने का प्लांट स्थापित किया था। 1901 में बिछाई गई रेलवे लाइन को कानपुर दिल्ली रेलवे ट्रेक से कोच से इटावा जिले के दिबियापुर के पास जोड़ने की अंग्रेज सरकार ने 1916 में योजना बनाई थी, मगर 1920 में अंग्रजी शासन के खिलाफ शुरू हुए आंदोलन से कोच से दिबिया पुर रेलवे ट्रेक जोड़ने की योजना साकार रूप नहीं ले सकी, तब से आज तक इस ब्रॉडगेज रेलवे ट्रेक का विस्तार नहीं हो सका।

# किसानों को मिलेगी बड़ी राहत

कार्यालय संवाददाता,उरई (जालौन)




कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखते अतिथि अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निजी नलकूप कृषकों को मुफ्त बिजली दिए जाने के लिए संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम का वर्चुअल शुभारंभ लखनऊ से किया। इसका सजीव प्रसारण जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, विधायक सदर गौरी शंकर वर्मा, विधायक कालपी विनोद चतुर्वेदी, जल शक्ति मंत्री प्रतिनिधि अरविंद चौहान, सांसद प्रतिनिधि रविकांत द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय की उपस्थिति में विकास भवन के रानी लक्ष्मी बाई सभागार में दिखाया गया। सदर विधायक ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने किसानों को बड़ी सौगात देकर निजी नलकूपों के बिजली बिल 1 अप्रैल 2023

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया वर्चुअल उद्घाटन

से माफ किये है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री ने यह योजना लागू करके किसानों को लाभान्वित कराया है। आने वाले समय तक के लिए निजी नलकूपों का बिल माफ किया गया है। मोदी जी की सरकार देश में बनी है तो देश विश्व की पांचवी शक्ति बन चुका है अर्थव्यवस्था में अब प्रधानमंत्री का इरादा है कि आने वाले समय में तीसरी अर्थव्यवस्था की शक्ति बने। जलशक्ति मंत्री प्रतिनिधि ने कहा कि किसानों का आज बिजली बिल माफ करके मुख्यमंत्री ने किसानों को बहुत बड़ी राहत दी है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, अधीक्षण अभियंता विधुत आर के यादव, अधिशाषी अभियंता आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रदर्शनी में जरूर आएं किसान और योजनाओं का लाभ उठाएं

## इंदिरा स्टेडियम में केन्द्रीय राज्यमंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने किया प्रदर्शनी का उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)



प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन करते केन्द्रीय राज्यमंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा।

**अमृत विचार।** आमजन को सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा इन्दिरा स्टेडियम में तीन दिवसीय प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ केन्द्रीय राज्य मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम भारत सरकार भानु प्रताप सिंह वर्मा ने फीता काट कर किया। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हए उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की मंशा है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से पंक्ति के अन्तिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ दिया जाए। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि लोग यहां आएं और प्रदर्शनी का अवलोकन कर सरकार की योजनाएं देखें और लाभ लें। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी, विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा, विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, परियोजना निदेशक शिवाकान्त द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र त्रिपाठी द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। अपर जिला सूचना अधिकारी पंकज तिवारी ने जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों को पुष्पगुच्छ को भेंट कर स्वागत किया और प्रदर्शनी में लगी समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। जन प्रतिनिधियों ने सूचना एवं जनसम्पर्क द्वारा सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास-सबका प्रयास पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना की। अपर जिला सूचना अधिकारी पंकज तिवारी ने बताया कि सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा जनपद स्तरीय तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा

- सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी

रहा है जिसमें केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में प्रदर्शनी है, जनपदवासी अधिक से अधिक प्रदर्शनी में आकर जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर लाभ उठायें। केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, उपलब्धियों आदि का प्रचार-प्रसार हेतु प्रदर्शनी लगायी गयी है, जनकल्याणकारी योजनाओं यथा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मिशन रोजगार के अन्तर्गत प्रधानमंत्री रोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आदि योजनाओं की चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जा रहा हैं।

# पुलिस की मुठभेड़ में घायल हुआ बदमाश

**उरई।** डकोर थाना क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बदमाशों के पास से एक रायफल, दो अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं।

पुलिस के अनुसार गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात 2 बजे डकोर थानाध्यक्ष को सूचना मिली कि जैस सारी नहर की पुलिया के पास कुछ बदमाश बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घेरा बंदी की। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। बचाव में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें जैसारी गांव निवासी सुघर सिंह के पैर में गोली लगी, क्षेत्राधिकारी सदर गिरजा शंकर त्रिपाठी ने बताया कि मुठभेड़ में घायल आरोपी सुघर सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, उसके साथी कालपी निवासी सुधीर और एक अन्य बदमाश को गिरफ्तार किया गया है, बदमाशों के पास से एक रायफल, दो अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस बरामद किए गए है।



अस्पताल पहुंचकर जानकारी लेते पुलिस के अधिकारी। अमृत विचार

# वाहन पलटा, थानाध्यक्ष सहित चार जवान घायल

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर मेले की सुरक्षा व्यवस्था देखने जा रही कालिया थाने की गाड़ी पलट गई, जिससे थानाध्यक्ष नीलम सिंह समेत चार पुलिस कर्मी घायल हो गए। थानाध्यक्ष नीलम सिंह की हालत गंभीर बताई जा रही है। देवगांव के पास गड्ढे के चलते वाहन अनियंचत्रित होने की जानकारी सामने आई है।

देवगांव के पास प्रसिद्ध शिवालय में प्रतिवर्ष की भांति इसबार भी शिवरात्रि का मेला लगा था, जिसकी सुरक्षा व्यवस्था देखने कालिया थाने की थानाध्यक्ष नीलम सिंह सिपाहियों

- देवगांव के पास हुआ हादसा कालिया थानाध्यक्ष नीलम सिंह की हालत गंभीर

के साथ जा रहीं थीं, कालिया और देवगांव की जर्जर सड़क के कारण पुलिस वाहन अनियंत्रित होकर तीन पलटी खा गया। इससे थानाध्यक्ष नीलम सिंह के सिर से खून बहने के साथ कान से भी खून निकला तथा बेहोश हो गईं, उनके साथ गईं महिला सिपाही रानी और दो अन्य पुलिस के जवान घायल हुए। सूचना मिलते ही एसपी इरजरजा, सीओ माधोगढ़ समेत पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। थानाध्यक्ष नीलम की हालत गंभीर है।

# नुक्कड़ नाटक कर किया जागरूक



कार्यक्रम में जानकारी देते सदस्य।

**माधोगढ़(जालौन)।** स्वच्छ भारत मिशन एवं राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन के संयुक्त तत्वाधान में इंपेनल्ड एजेंसी वेलफेयर एंड इलस्ट्रेशन ऑफ नीडी ग्रामीण सोसाइटी फेस 2 के अंतर्गत जागरुकता कार्यक्रम हुए। नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता समिति बैठक, स्वच्छता मेला एवं आईईसी सामग्री का वितरण प्रति राजस्व ग्राम स्तर पर चलाया गया था। जिसके तहत आमजनमानस को शौचालयों की उपयोगिता, कचरे का सही निपटान, स्वच्छ पेयजल का उपयोग, एवं साफ सफाई हेतु प्रेरित किया गया था। गुरुवार को इंपेनल्ड एजेंसी द्वारा खंड विकास कार्यालय रामपुरा में आईईसी सामग्री वितरण कर उक्त अभियान/कार्यक्रम का समापन किया गया जिसमें एडीओ पंचायत भरत सिंह सहित कार्यालय के सभी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम ने की जल जीवन मिशन की समीक्षा, काम शीघ्र करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता,उरई (जालौन)




कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करते डीएम राजेश कुमार पांडेय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने शासन की महत्वपूर्ण महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन, हर घर जल परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की अध्ययन प्रगति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सला ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना, रामपुरा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना, मढेपुरा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना, कोटा मुस्तकिल ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना व नलकूप आधारित पाइप पेयजल योजना की बिंदुवार समीक्षा करते हुए खराब प्रगति पर एजेंसियों को चेतावनी देते हुए जल जीवन मिशन के कार्यों में मैंन पावर व मशीनरी बढ़ाकर तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी लंबित परियोजनाओं को युद्ध स्तर पर कार्य कर पूर्ण किया जाए, शासन की प्राथमिकता के कार्य में लापरवाही क्षम्य में नहीं होगी। उन्होंने बीजीसीसी व जीवीपीआर कांट्रैक्टिंग एजेंसियों द्वारा किए जा रहे रोड रेस्टोरेशन 383 गांवों में पूर्ण किया जा चुका है, और 250 गांवों में 75 प्रतिशत कार्य किया गया है शेष गांवों में संबंधित एजेंसियों को निर्देशित किया कि 31 मार्च तक शतप्रतिशत गांव की रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी व कर्मचारी जल जीवन मिशन के कार्यों के प्रति रुचि लेकर पूर्ण करायें। उन्होंने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को निर्देशित किया कि संबंधित एजेंसी के पदाधिकारी व विभागीय अधिकारियों के साथ प्रतिदिन समीक्षा बैठक करेंगे साथ ही रोड रेस्टोरेशन में किए जा रहे कार्यों की प्रतिदिन फीडबैक देंगे। मेन पावर बढ़ाकर काम को तेजी के साथ पूरा करवाएं।

## मंदिरों, शिवालयों में रही भक्तों की भारी भीड़

माधौगण जालौन, शराबन के भोलेश्वर शिव मंदिर पर भारी भरकम भीड़ रही। यहां शिवरात्रि के पावन पर्व पर शिवजी की विशाल बारात निकाली गई। क्षेत्रवासियों समस्त भक्तगण शामिल होकर शिवजी की बारात बड़े धूमधाम साथ निकाली। बारात में शामिल डॉक्टर अखिलेश शर्मा काजू उदानियां, राघवेंद्र व्यास नगर पंचायत अध्यक्ष, रामराज शर्मा, राहुल द्विवेदी, पप्पू नायक, नाथूराम मेंबर, भगवती शरण, नागेंद्र, अंकित कस्तबार एवं प्रशासन की तरफ से उप जिला अधिकारी विशेश्वर दयाल सिंह, सीओ शैलेंद्र कुमार बाजपेई, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक, कस्बा इंचार्ज शैलेंद्र सिंह, गोहन थाना प्रभारी निरीक्षक दिव्य प्रकाश तिवारी शामिल हुए।

### बारात में झूमे श्रद्धालु

कुठौंद जालौन, विकासखंड कुठौंद की ग्राम पंचायत पंडितपुर में महाशिवरात्रि पर्व पर शिव मंदिरों पर भारी भरकम भीड़ रही। पंडितपुर में दुर्गा मां के प्राचीन मंदिर पर भगवान भोलेनाथ का भी स्थान हैं। इस मंदिर से लोगों की आस्था विश्वास जुड़ा हुआ है।

# धूमधाम के साथ निकली शिव बारात

संवाददाता,जालौन



शिवरात्रि पर्व पर निकाली गई शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले सहित कस्बों, गांवों में शिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। पर्व के तहत जालौन के द्वारकाधीश बड़ी माता मंदिर प्रांगण से शोभायात्रा प्रारंभ होकर बस स्टैंड, झंडा चौराहा, बिजली घर , छोटी माता मंदिर, सब्जी मंडी होते हुए शिव मंदिर पर संपूर्ण हुई। शोभायात्रा में भगवान भोलेनाथ, मां पार्वती, की झांकी थी जो नगर के प्रमुख मार्गो से होकर निकाली गई। शोभायात्रा में भक्त डीजे की धुन पर भगवान भोलेनाथ के भजनों पर नाचते-गाते चल रहे थे। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पीतांबर वस्त्रों पहनें हाथों में मंगल कलश लिए शोभा यात्रा को दिव्य स्वरुप प्रदान कर रहीं थीं। अंत में मां गौरी के साथ भगवान भोलेनाथ की भव्य झांकी शोभायमान थी। शोभायात्रा का नगर में अनेक स्थानों पर भक्तजनों द्वारा पुष्प वर्षाकर स्वागत किया गया। अपने गंतव्य पर पहुंचकर यह शोभायात्रा भजन कीर्तन मंडली में परिवर्तित हो गई। जहां महिलाओं ने पूर्ण श्रद्धा के साथ भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया तथा भोलेनाथ के भजनों का पूर्ण श्रद्धा के साथ सामूहिक तौर पर आनन्द लिया। इस भव्य शोभायात्रा के आयोजक सभासद दिलीप शर्मा अन्नू, राजू पाटकार, अतुल तिवारी, दिनेश याज्ञिक, राहुल पाटकर, हरि किशोर पाटकर, नितिन गुप्ता आदि मौजूद थे।

कालपी (जालौन) मां वनखण्डी देवी से निकली शिव बारात में सैकड़ों भक्त जन शिव भक्ती में लीन होकर झूम कर नाचे और हर हर महादेव के गगन भेदी जयकारे लगाए। महाशिवरात्रि के पर्व पर दोपहर तीन बजे वनखण्डी देवी मन्दिर प्रांगण से शिव बारात की शुरूआत मंत्रोच्चारण के साथ महंत जमुनादास ने आरती पूजन कर प्रारम्भ की। बारात में सैकड़ों भक्तगण सामिल हुए और डीजे पर बजते भगवान भोले नाथ के सुन्दर भजनों की धुनों पर नाचते गाते चल दिए। बारात खोया मण्डी से वापस मन्दिर पहुंची जहां सभी बारातियों का जलपान प्रसाद देकर स्वागत किया गया। बारात के प्रबन्धन धर्मेन्द्र सिंह चौहान राजा ढाबा, देवेंद्र गुप्ता, दिग्विजय सिंह, अनिल आचार्य, अमित पाण्डेय, कन्हैया मिश्रा, दीपू तिवारी, दीपू चौहान, अंकित ठाकुर, श्यामू पाल, नीतू गुप्ता, अंकित गुप्ता, कोमल सिंह, बुलबुल पाठक ने कार्यकृम को सफल में अहम भूमिका निभाई।

**कार्रवाई** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने चलाया अभियान, टीम को देखकर मचा हड़कंप

# मिलावटखोरों पर कसा शिकंजा, नमूने भरे

संवाददाता,उरई (जालौन)



दूधिया को रोककर नमूना लेती टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मिलावट खोरों से निपटने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग जालौन के सचल दल ने विशेष अभियान चलाया। सर्वाधिक मिलावट वाले पदार्थ दूध एवं दुग्ध पदार्थ से बनी मिठाई, पनीर, दही आदि के नमूनें लिए। खाद्य विभाग के छापेमारी अभियान से मिलावट खोरों में हड़कंप मच गया। टीम ने परचूनी की दुकानों से रिफाइंड ऑयल, सरसो तेल, दालचीनी के स्थान पर कैसिया नाम की लकड़ी के विक्रय किए जाने की आशंका से कई दुकानों से दल चीनी के सैंपल भरे तथा कस्बों के बाहर दूध वालों को रोक कर दूध के नमूने लिए।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देश पर डॉ. जतिन कुमार सिंह सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निर्देश पर हुई छापेमारी, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने अभियान चलाकर संजय अग्रवाल राठ रोड उरई के परिसर से खाद्य पदार्थ दालचीनी, आशीष गुप्ता राठ रोड उरई के परिसर से खाद्य पदार्थ दालचीनी, रामप्रकाश कालपी रोड उरई के परिसर से खाद्य पदार्थ दालचीनी नमूना संग्रहित किया। इसके अलावा राधे डेयरी मदनेपुर कुठौन्द से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध के साथ ही वीआरएस डेयरी मदनेपुर कुठौन्द से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध का नमूना संग्रहित किया। नमस्ते इंडिया भदेख से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध, राहुल सिंह दूध विक्रेता कुकरगांव से दूध का नमूना संग्रहित कर जांच के लिए भेजा। इसी क्रम में हरिनारायन दूध विक्रेता स्थान कुकरगांव से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध एवं करीम सब्जी मण्डी जालौन से खाद्य पदार्थ पपीता का नमूना संग्रहित किया। टीम के द्वारा जनपद के स्थानीय बाजारों के निरन्तर निरीक्षण किये जा रहे है व यह अभी आगे भी जारी रहेंगें। टीम में सहायक आयुक्त (खाद्य) अभिहित अधिकारी डॉ. जतिन कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

# जल चढ़ाने को लेकर भिड़ गए कांवड़िये

संवाददाता,उरई (जालौन)



घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस।

**अमृत विचार।** शिवरात्रि पर भूरेश्वर मदिंर सरावन में जल चढ़ाने व दर्शन करने को लेकर प्रतिवर्ष लाखों भक्तों की भीड़ उमड़ती हैं। शुक्रवार सुबह लोधेसुर (बारावंकी) से कांवरियों से भरी बस सरावन पहुंची।भूरेश्वर मदिंर में दर्शन करने को लेकर कांवरियों व सुरक्षा में लगे ग्रामीणों के बीच वहस होने लगी। ग्रामीणों का कहना हैं कि कांवरियों से लाइन से दर्शन करने को कहा जा रहा था।नशे में धुत कांवरियों ने सुरक्षा में लगे ग्रामीणों से कहासुनी होने लगी।देखते देखते कांवरियों ने लाठी डंडा चलाना शुरू कर दिया गया। जिससे रोहित सिंह, रवीन्द्र चौहान,विहारी राठौर,गौरव सिंह आदि बुरी तरह से घायल हो गए। शोरगुल सुन मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को सरावन व सीएचसी जालौन में भर्ती कराया। गोहन एसओ दिव्य प्रकाश तिवारी का कहना हैं लाठी डंडा चले हैं,आधा दर्जन ग्रामीण घायल हो गए हैं। अभी तहरीर नहीं आई हैं। जांच की जा रही हैं।

## सार-संक्षेप

### आठ अपराधी छह महीने के लिए हुए जिला बदर

**उरई।** एसपी इरज रजा के निर्देश पर जनपद की पुलिस अपराधियों पर आक्रामक मोड पर है। इससे आदतन अपराधी या तो जेल में हैं या अपराध से तौबा कर चुके हैं। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना की आख्या पर तहसील कालपी की ग्राम पंचायत के वर्तमान प्रधान दीपू खटीक व उसके दो सगे भाई नीतू खटीक, जितेंद्र उर्फ छैला खटीक पुत्र जगदीश खटीक को 6 माह के लिए जिला बदर किया है। इसके साथ ही रामकिशोर पुत्र सत्य नारायण राजपूत, निवासी करमेर थाना आटा, राहुल सिंह पुत्र रामपाल सिंह निवासी बंगरा, सत्यम शुक्ला पुत्र जयप्रकाश शुक्ला निवासी कुठौंद, खुर्शीद आलम पुत्र हनीफ निवासी ग्राम गुलौली, ओम पाल कुशवाह पुत्र दुजू कुसवाहा निवासी करमेर रोड, राजेंद्र नगर उरई को मिलाकर 8 अपराधियों को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक असीम ने जानकारी दी।

### रिनियां क्रॉसिंग के पास ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**उरई (जालौन)।** मुंबई से गोरखपुर जा रही पनवेल एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। हादसा रिनियां रेलवे क्रॉसिंग के पास हुआ। ट्रेन में सवार नेपाल निवासी देश बहादुर (45) ट्रेन से गिर गया। वह झांसी से लखनऊ जा रहा था।नेपाली देश बहादुर, गेटमैन ने इसकी सूचना स्टेशन अधीक्षक कार्यालय में दी। सूचना पर मौके पर पहुंची आरपीएफ के दरोगा डीपी सिंह ने एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज उरई में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई।

### एमपी के सीएम ने किया सौर प्रयोगशाला का लोकार्पण

**चित्रकूट।** दीनदयाल औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोलर टेक्नीशियन लैब का लोकार्पण किया। इस अवसर पर डीआरआई के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन मौजूद रहे। महाजन ने बताया कि दीनदयाल आईटीआई द्वारा विद्यार्थियों को सोलर टेक्नीशियन का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## एक नजर

### कोर्ट ने आरोपी को दी सजा 1000 रुपये का अर्थदंड

**चित्रकूट।** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत जीआरपी कर्वी में दर्ज मामले में सिविल जज सीनियर डिवीजन एफटीसी ने आरोपी को न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई। जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार कोर्ट ने सुंदरम चौधरी पुत्र रामू निवासी बजराहा टोला सतना (मप्र) को यह सजा दी। साथ ही एक हजार रुपये का अर्थदंड दिया गया। इस मामले में लोक अभियोजक हरिओम सिंह, विवेचक हेड कांस्टेबिल रामवीर सिंह और पैरोकार सुखविंदर सिंह रहे।

### चेकडैम में मिले शव की शिनाख्त, हत्या का आरोप

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** दो दिन पूर्व पहाड़ी थाना अंतर्गत बाबूपुर हार स्थित कोरी चेकडैम में मिले शव की शिनाख्त फूल कुमारी (30) पत्नी गनेश पाल निवासी ग्राम बसरेही मऊ के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, महिला तीन दिन पहले घर से कहीं चली गई थी। मृतका के भाई बल्देव पाल पुत्र द्वारिका पाल निवासी इटवा थाना रैपुरा ने थाना मऊ में बहन की हत्या के आरोप में बहनोई गनेशपाल सहित परिवार के नौ सौरालीजनों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### 11 आरोपियों पर लगाया गया मिनी गुंडा एक्ट

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधिक किस्म के लोगों पर पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। प्रभारी निरीक्षक सरधुआ आशुतोष तिवारी ने गुंडागर्दी के आरोप में 11 लोगों पर मिनी गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने बरमदीन पुत्र चुन्नीलाल, संतोष पुत्र केवलस छोटेलाल पुत्र रामसिया, रज्जन पुत्र चुन्नीलाल निवासीगण हस्ता, ननकवा और सुग्गन पुत्रगण चुन्नीलाल, चुन्नीलाल पुत्र भगवानदीन निवासीगण तीरधुमाई गंगू, रामदास पुत्र चुन्ना, जगदीश पुत्र जगन्नाथ, रामनरेश पुत्र चुन्ना निवासीगण सुरवल, फूल कुमार पुत्र बब्बू निवासी नैनी के विरुद्ध धारा 110जी सीआरपीसी पाबंद किया है।

### बुखार से मासूम की मौत

**बांदा।** तिंदवारी थाना क्षेत्र के मूंगुस गांव निवासी रज्जू की दो माह की बेटी मानसी एक सप्ताह से बुखार से पीड़ित थी। घरवालो ने उसका उपचार कराया। लेकिन उसकी हालत में सुधार नही हुआ। गुरूवार की दोपहर उसकी हालत ज्यादा खराब हो गई। घरवालो ने उसे पीएचसी तिंदवारी में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### नाले से बरामद हुआ शव नहीं हो सकी शिनाख्त

**नरैनी।** कस्बा के राजीव नगर स्थित अनुसूचित जाति छात्रावास के पास सड़क किनारे नाला में कमर तक मिट्टी में धंसे अधेड़ उम्र के व्यक्ति का शव लोगों ने देखा तो इसकी सूचना नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हरिश्चंद्र सोनकर को दी। सूचना मिलने पर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सैनी व उपनिरीक्षक अनिल सिंह मौके पर पहुचे। मौजूद लोगों ने पुलिस को बताया कि इस व्यक्ति को दो दिन पहले यहां लोगो से भीख मांगते देखा गया था। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन इसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्मार्टम के लिए मेडिकल कालेज भेज दिया है।

### करंट से झुलसे क्लीनर की थम गईं सांसें

**बांदा।** महोबा जिला के नहदौरा गांव निवासी वीरेंद्रपाल (30) पुत्र मोहनलाल गुरूवार की रात भूरागढ बाईपास के समीप ट्रक के नीचे खड़ा था। इसी बीच ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर ट्रक के केबिन के ऊपर गिरने से करंट की चपेट में आ गया। उसके जिस्म में आग लग गई। वह धूधूकर जलने लगा। साथी ट्रक चालक व अन्य दुकानदार ने आग बुझाने का प्रयास किया। कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बड़े भाई भइयालाल ने बताया कि वीरेंद्र ट्रक में खलासी का काम करता था। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

# भोले की बारात में गूंजता रहा हर- हर महादेव

## राजा हिमाचल के रूप में दूल्हा बने शिव का श्रद्धालुओं ने किया टीका, आकर्षण का केंद्र रहीं देवी - देवताओं की झांकियां

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर मंदिरों में भक्तों की अपार भीड़ लगी। अद्भुत स्वाग रचाए लोग शिव बारात में शामिल हुए। बारात में बैल पर सवार शिव स्वरूप में सजे बालक के श्रृंगार ने साक्षात भगवान शिव का आभास करा दिया। शिक्षण संस्थानों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। दूल्हा बने भोलेनाथ का 251 स्थानों पर राजा हिमाचल के रूप में श्रद्धालुओं ने टीका किया।

शुक्रवार को तड़के से ही प्राचीन श्री शल्लेश्वर मंदिर में कांवड़ियों व भक्तों का तांता लग गया था। दोपहर से शुरू हुई शिवबारात में नंदी पर सवार शिव स्वरूप बालक आकर्षण का केन्द्र बना रहा। बारात में भूतप्रेत, संतों की टोली, पागल, बहुरुपिए, सजी हुई बैलगाड़ियां, दलदल घोड़ी की टोली, बैण्ड बाजे सहित अन्य कलाकार शामिल रहे। बच्चों की राधा कृष्ण, राम सीता, लक्ष्मण व हनुमान सहित तीन दर्जन से अधिक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। हर- हर महादेव की गूंज रही। नेस्ले मार्केट से शुरू हुई शिव बारात नगर भ्रमण के बाद मंदिर पहुंचने पर अन्य वैवाहिक रस्में भी पूरी की गईं। अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा, एसडीएम राजकुमार गुप्ता, सीओ आशीष कुमार यादव, थानाध्यक्ष जरिया प्रिंस दीक्षित सहित जलालपुर, चिकासी, विवार सहित अन्य थानों से भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहे।


सरीला में बारात में निकली शिव की झांकी। अमृत विचार


शिव बारात में शामिल श्रीराम-सीता-लक्ष्मण की झांकी। अमृत विचार

### फाग गीतों पर झूमे

**सुमेरपुर।** गांव की चौपालें होली गीतों से गुंजायमान हो उठीं हैं। पर्व के साथ फाग गायन का भी आगाज होता है। देर रात तक होली गीतों की टेर चौपाल में गूंजती रही। मशहूर फाग गायक रामभजन सिंह बिवांर, अमर सिंह, शिवनाथ सविता, हरिहर किशोर पाठक, शंकर लाल अनुरागी विदोखर बताते हैं कि आधुनिकता की चकाचौंध में युवाओं का मोह फाग गायन के प्रति कम जरूर हुआ है। गांवों में क्रेज कायम है।

### गाजे-बाजे के साथ हुआ शिव-पार्वती का विवाह

**राठ।** शिव मंदिरों में भक्तों ने दर्शन किया। भगवान शिव और पार्वती का विवाह धूमधाम से संपन्न किया गया। चौपरेश्वर मंदिर में भक्तों ने जलाभिषेक किया। शिव- पार्वती का विवाह किया गया। हरिमंदिर में भी दर्शन लोग करते रहे। सिकंदरपुरा से शिव बारात निकाली गई। झांकियां भी थीं। चौपरेश्वर मंदिर में दूल्हा बने शिव प्रतिमा मनोहारी लग रही थी।

### जगह-जगह किया गया भंडारों का आयोजन

**सुमेरपुर।** मानेश्वर बाबा रोड स्थित भोलेनाथ कुटिया, तपोभूमि स्थित शिवालय सहित अन्य शिवालयों में भक्तों ने पूजन किया। जगह- जगह भंडारे का आयोजन हुआ और लोगों ने प्रसाद चखा।

### झांकियों ने मोहा मन, कीर्तन-भजन में झूमते रहे श्रद्धालु

**कुरारा/मुस्करा (हमीरपुर)।** बेरी व रिठारी गांव में शिव भक्तों ने शिव बारात निकाली। लोगों ने फूलों की वर्षा कर झांकियों का स्वागत किया। बेरी गांव स्थित प्राचीन मंदिर कोटेश्वर पवनधाम प्रांगण से शिव बारात निकाली गई। जो गांव के मुख्य बाजार से विभिन्न गलियों से गुजरी। शिव, राधा- कृष्ण की झांकियां आकर्षित कर रही थीं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेश तिवारी मौजूद रहे। शंकरपुर गांव में प्राचीन शिव मंदिर में भक्तों ने कांवड़ चढ़ाकर मत्था टेका। रिठारी गांव में धूमधाम से शिव बारात का आयोजन किया गया। उधर, मुस्करा संवाद के अनुसार भोले बाबा की बारात निकाली

**अमरनाथ सेवा संस्थान ने बांटा भंडारे का प्रसाद:** गायत्री बालिका कॉलेज रोड पर अमरनाथ सेवा संस्थान की ओर से भंडारा आयोजित हुआ। शिव बारात निकाली गई। इस मौके पर सीताराम गुप्ता, टोनी गुप्ता, धीरू शिवहरे (चेयरमैन), कल्लू चौरसिया, किशन गुप्ता, कल्लु यादव, दीपक गुप्ता, तुषार गुप्ता, राहुल गुप्ता, डॉ. शिवम रहे।

# सड़क किनारे खड़े युवक को हार्वेस्टर ने रौंदा

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- आक्रोशित ग्रामीणों ने जखेड़ी गांव के पास लगाया जाम
- फसल की कटाई के लिए खड़ा था युवक

**अमृत विचार।** सड़क पर खडे.एक युवक को हार्वेस्टर ने रौंद दिया। मौके पर उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी लगने पर भीड़ लग गई। इस दौरान चालक हार्वेस्टर छोड़ कर फरार हो गया। गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंचे एसडीएम, सीओ ने मृतक के परिजनों को समझा बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

कोतवाली के जखेड़ी गांव निवासी पुष्पेंद्र राजपूत (25) शुक्रवार को शाम करीब चार बजे सड़क किनारे खड़ा था। उसी दौरान एक हार्वेस्टर मशीन गुजरी और पुष्पेंद्र को रौंदती हुई निकल गई। मौके पर ही पुष्पेंद्र की मौत हो गई। बताया जाता है कि पुष्पेंद्र अपनी मटर की फसल की कटाई के लिए हार्वेस्टर का इंतजार कर रहा था। ग्रामीणों को जब घटना की जानकारी हुई तो सैकड़ों की तादाद में ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। इसी दौरान पुलिस और प्रशासन को जानकारी हुई तो मौके पर एसडीएम, सीओ और तहसीलदार पहुंचे। प्रशासन के कहने पर परिजनों ने शव को सड़क से नहीं उठने दिया। इस पर सीओ और एसडीएम ने कार्रवाई का भरोसा दिया तब जाकर कहीं शव को ग्रामीणों ने उठने दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ था। पुलिस ने हार्वेस्टर को कब्जे में ले लिया है।

## दो बाइकें भिड़ीं, एक की मौत, पांच घायल

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** जलालपुर थाने के हरसुंडी गांव के पास तेज रफ्तार दो बाइकों के बीच हुई भीषण भिड़ंत में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई व 5 लोग घायल हो गए। जिन्हें सरीला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से उरई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी लगते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।


कुंवर सिंह।

जालौन जनपद के बरदौली गांव का निवासी कुंवर सिंह (30) अपनी पत्नी चंद्रवती व 6 वर्षीय पुत्र राजाबाबू व डेढ़ वर्षीय मासूम बच्ची गुड़िया के साथ बाइक से जलालपुर के रिरुआ गांव में साले के घर शादी में शामिल होने के बाद वापस गांव जा रहा था। तभी रास्ते में हरसुंडी गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उनकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार कुंवर सिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई व उसकी पत्नी चंद्रवती पुत्र राजाबाबू व डेढ़ वर्षीय पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरी बाइक पर सवार हरसुंडी गांव के निवासी राकेश व पुष्पेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सरीला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से उरई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। मामले में जलालपुर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले में वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।


कार्यक्रम में बालिका को पुरस्कृत करते प्रधान। अमृत विचार

### सुमंगला योजना में 25 हजार रुपये की मदद

**कुरारा (हमीरपुर)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कुरारा क्षेत्र के ग्राम बनवासी डेरा एवं पारा में जागरूकता संगोष्ठी, प्रतियोगिता, खेल, डांस आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह आयोजन समर्थ फाउंडेशन, सहयोग और जिला प्रोबेशन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कराया गया। सखी वन स्टाप सेंटर इंचार्ज मोनिका गुप्ता ने महिलाओं के अधिकारों से जुड़ी योजनाओं और कार्यक्रमों पर जानकारी दी। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत दो लड़कियों पर 25 हजार रुपये प्रति लड़की के हिसाब से मिलेगा। जबकि पहले यह राशि 15000 थी। इसी प्रकार जिनके माता-पिता में से कोई एक खत्म हो गया है या दोनों खत्म हो गए हैं। ऐसी स्थिति में इनके बालकों के भरण पोषण और देखरेख के लिए हर महीने निश्चित धनराशि मिलेगी।

# धर्म की रक्षा करोगे तो धर्म भी करेगा रक्षा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** संत-महंतों, रामकथा मर्मज्ञों और कलाकारों की मौजूदगी में शुक्रवार को धूमधाम और भक्तिमय वातावरण में 51वां राष्ट्रीय रामायण मेला शुरू हो गया। इस मौके पर हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंत स्वामी राजू दास ने कहा कि आप धर्म की रक्षा करेंगे तो आवश्यकता पड़ने पर धर्म भी आपकी रक्षा करेगा।

गोवर्द्धन पीठाधीश्वर स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ पुरी व महंत स्वामी राजू दास ने आयोजन की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से की। इसके पूर्व रामघाट स्थित निर्मोही अखांड़ा से विभिन्न अखाड़ों के निशान और हाथी-घोडों से सुसज्जित शोभायात्रा निकली, जो रामायण मेला परिसर पहुंची। यहां कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया, महामंत्री डा. करुणाशंकर द्विवेदी, राजाबाबू पांडेय, डा. घनश्याम अवस्थी ने निशानों का पूजन और साधु-संतों का स्वागत किया। जयेंद्र सरस्वती वेद विद्यालय सीतापुर व श्रीराम संस्कृत महाविद्यालय के वेदपाठी छात्रों ने स्वस्ति वाचन एवं मंगलाचरण किया। जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विवि के संगीत विभागाध्यक्ष डा. विशेष नारायण मिश्र ने गणेश वंदना की। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि महंत राजू दास महाराज ने धर्म रक्षति रक्षितः की चर्चा की। उन्होंने कहा कि राजनैतिक लाभ लेने वाले लोग रामचरित मानस को जब उनकी सरकार आएगी तो बैन करेंगे। भगवान श्रीराम का मंदिर बनाने में पांच सौ वर्ष लग गए। अब मथुरा और काशी की बारी है।

**धर्म होना चाहिए सर्वोपरिः अधोक्षजानंद**

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्वाम्नाय गोवर्द्धन पीठाधीश्वर स्वामी अधोक्षजानंद महाराज पुरी ने कहा कि धर्म सर्वोपरि होना चाहिए। धर्म जागृति का काम संतों-महंतों को करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अब भारत अखंड होने वाला है। अखंड भारत के कई टुकड़े कर दिए गए थे। उनके जुड़ने का समय आ चुका है। स्वागत भाषण पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने किया। रामायण मेले की प्रस्तावना महामंत्री डा. करुणा शंकर द्विवेदी ने रखी। संचालन डा. चंद्रिका प्रसाद दीक्षित व महामंत्री ने किया।


स्वामी अधोक्षजानंद व महंत राजू दास का स्वागत करते कार्यकारी अध्यक्ष। अमृत विचार

### संतों ने कीं रामकथा पर बातें

साध्वी पूजा दास ने कहा कि समूचा चित्रकूट परिक्षेत्र मंदाकिनी नदी के तट पर बसा हुआ है। भगवान श्रीराम 11 मास छह माह छह दिन चित्रकूट में रहे। भागवत कथावाचक आचार्य नवलेश दीक्षित ने कहा कि भगवान श्रीराम सतयुग में गरुण पर बैठकर आए थे। इसी प्रकार त्रेता में हनुमान जी की पीठ पर बैठे थे। कलियुग में भगवान संत भक्तों की वाणी पर बैठकर आएंगे। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने मेले को विश्व रामायण मेला बनाने की अपील आयोजकों से की।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए :** सायंकाल सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। आकाशवाणी प्रयागराज के कलाकारों ने मनोहारी प्रस्तुतियां दीं। मंजू देवी के भजन, लोकगीत आकर्षण का केंद्र रहे। पूजा अग्रवाल लखनऊ की टीम ने भी अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का मनोरंजन किया।

### होमगार्ड और पुत्र को लाठी से पीट कर किया घायल

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के कुर्रा गांव में एक दर्जन दबंगों ने होमगार्ड व उसके पुत्र को लाठी डंडों से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित होमगार्ड ने कोतवाली में आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के कुर्रा गांव के निवासी गया प्रसाद ने बताया कि वह हमीरपुर में होमगार्ड के पद पर तैनात है। बताया शुक्रवार को ड्यूटी कर वापस घर लौटा था। तभी गांव के योगेंद्र ने उसके पुत्र जीतेंद्र को दर्जन भर दबंगों ने पीटा।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

## अमृत विचार क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा बी.एस.सी. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष सत्र 2017-2019 अनुक्रमांक 1740800041806 का अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **शिखा पुत्री सुरेश कुमार मिश्र ग्राम ओरीपुर नौगीर, प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम MOHAMMAD SHAKIL से बदलकर MOHAMMAD SHAKEEL QURESHI रख लिया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाये। MOHAMMAD SHAKEEL QURESHI S/O: MOHAMMAD BASHEER, R/O: 435, BUTCHER MOHAL, SADAR BAZAR, CANTT, LUCKNOW

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम अब्दुल अजीज खान से बदलकर अजीज खान रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। **अजीज खान पुत्र नन्कऊ, निवासी- ग्राम- दर्जिनपुरवा, महादेवा सलारपुर, पोस्ट- डान्डे कुइया, थाना-हरदत्त नगर गिरंट, जनपद-श्रावस्ती**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल जिसका रोल नं0- 2245163 वर्ष 2000 एंव इण्टरमीडियट रोल नं0- 0671111 वर्ष 2006 की मार्कशीट एंव सर्टिफिकेट वास्तव में खो गये हैं। जिसे भी मिले कृपया मो.नं. 7521073903 पर सम्पर्क करे। **रोहित सिंह पुत्र बृजलाल भारती, निवासी- एम0एम0एस 2/75बी, सेक्टर- सी, जानकीपुरम् थाना- विकासनगर, लखनऊ**

**इंडियन बैंक Indian Bank इलाहाबाद ALLAHABAD**
अंचल कार्या. : गोण्डा निकट बस स्टैण्ड, बहराईच रोड, गोण्डा-271001

**सूचना**

आगामी वित्तीय वर्ष (2024-25) में ऋण वसूली कार्य हेतु नए एजेंसी के आवेदन आमंत्रित कर रहा हैं। इच्छुक एजेंसी/व्यक्ति / कंपनी अपना बायोडाटा व आवेदन ऋण वसूली विभाग को जमा कर सकते हैं।
नियम व शर्तें लागू

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल का मूल अंकपत्र सहप्रमाण पत्र जिसका अनुक्रमांक 212611992 वर्ष 2021 है जो कि उ0प्र0मा0शि0परि0 प्रयागराज द्वारा निर्गत था। वास्तव में कहीं खो गया है। **मोहम्मद हुसैन पुत्र श्री मो0 युसुफ ग्राम गढ़ी, पोस्ट- दुर्जनपुर पचूमी थाना वजीरगंज, तहसील तरबगंज जनपद गोण्डा।**

**पं. औंकार नाथ महाविद्यालय**
बखत का पुरवा बस्तीदेई गौरीगंज जनपद अमेठी
(सम्बद्ध- डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या)

**आवश्यकता है**

संस्था में संचालित बी.ए., एम.ए. एवं बी.एड. पाठ्यक्रम में निम्न स्टाफ की- प्रवक्ता बी.ए. - हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, चित्रकला, मध्यकालीन इतिहास एवं भूगोल प्रत्येक विषयो के लिए 01 पद। प्रवक्ता एम.ए.- शिक्षा शास्त्र एवं गृहविज्ञान में 02-02 पद। प्रवक्ता बी. एड्.- 04 पद। योग्यता- यू.जी.सी./राज्य सरकार/ विश्वविद्यालय के मानकानुसार। वेतन- राज्य सरकार के स्ववित्तपोषी शासनादेश के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर आवेदन करें।
प्रबन्धक- डॉ. श्रीमती गीता पांडेय
मो0- 8004232988

# आशा मेरी पूर्ण करो, महादेव कृपा करो...

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद की जिला इकाई के तत्वावधान में महाशिवरात्रि, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर क्रांतितीर्थ विषयक काव्य गोष्ठी एवं वैचारिक गोष्ठी का आयोजन कवि हरीराम गुप्ता के 'परनामी आवास' में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे परिषद के अध्यक्ष लखनलाल जोशी ने कवि व पत्रकार गणेश सिंह विद्यार्थी को क्रांतितीर्थ का कलमदान प्रदान कर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि चंद्रशेखर अग्निहोत्री रहे।

आयोजक हरीराम गुप्त निरपेक्ष ने सरस्वती वंदना व शिव आराधना से गोष्ठी का प्रारम्भ करते हुए पढ़ा 'आशा मेरी पूर्ण करो, महादेव कृपा करो, गंगाधर ज्ञान गंग उर में बहाइये',। नीतिराज सिंह ने पढ़ा 'श्वेत पठारी बोली प्यारी सपने भी तूफानी हैं, गली गली बुंदेलखंड की साहस भरी कहानी है',। अवधेश साहू बेचैन ने पढ़ा 'भाई सब मिल चलो बरात, भोला ब्याहन आए जी'। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे लखनलाल जोशी ने पढ़ा 'माता सृष्टि सृजन की देवी और जगत की नव अभिलाषा, जिसका कोई भाष्य नहीं है ऐसी है मां की परिभाषा'। गोष्ठी का संचालन कर रहे संस्था के मंत्री कैलाश प्रसाद सोनी ने पढ़ा 'रामचरित मानस जन-जन को, पावन राह दिखाती है, मर्यादा का धर्म आचरण मानव को दिखलाती है'। डॉ. गणेश सिंह विद्यार्थी ने पढ़ा 'कोई दुःखिया रहे न धरा पर कहीं, चोला सुखिया सभी का बना दीजिए, पूजा अर्चन की विधियां न जानूं प्रभु, देव देवा महादेव क्षमा कीजिए'। इनके अलावा वीरेंद्र पाल शजर, नारायण प्रसाद रसिक, हरीकिशन सेन, आरती गुप्ता ने भी अपनी रचनाएं पढ़ी।

**सचिवालय ग्राम पंचायत अजनर जैतपुर (महोबा)**

पत्रांक- मेमो/निविदा/वर्ष 2023-24 दिनांक: 07/03/2024

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/पन्द्रहवाँ वित्त/अन्तर्गत वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अजनर जैतपुर तिला महोबा को स्वीकृत कार्ययोजना वर्ष 2023-24 में निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सामग्री सन्दर्भित कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 14/03/2024 को समय 12:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के पंचायत भवन में निविदा पेटी में डाली जायेगी तथा उसी दिन सांय 04:00 बजे समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 13/03/2024 तक कार्यालय कार्य दिवस में देखे जा सकते है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत लाख रू. में | निविदा मूल्य रू में | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सचिवालय में बाउण्ड्री वॉल निर्माण कार्य | सीमेंट, मौरंग, बालू, मिट्टी, 20एमएम गिट्टी, ईटा, सरिया आदि | 3.46 | – | 6920 | 15 दिवस |
| 2 | सचिवालय में बाउण्ड्री के मेन गेट का निर्माण कार्य। | सीमेंट, मौरंग, बालू, 40 एमएम गिट्टी, 20 एमएम गिट्टी, खण्डा, सरिया, लोहे का गेट आदि | 1.06 | – | 2120 | 1 माह |

नियम व शर्तेः 1- निविदाकर्ता का पंजीकरण आयकर व व्यापार कर विभाग में होना चाहिए बिना टिन नम्बर व पैन नम्बर के निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी, जिसकी एक-एक प्रति निविदा के साथ संलग्न करनी होगी। 2- निविदाकर्ता द्वारा उपरोक्त धरोहर राशि नगद जमा अथवा एनएससी/केवीपी/डीघर पासबुक / टीडीआर ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक कराकर निविदा के साथ सलंग्न करनी होगी। 3. निविदाकर्ता को कार्यस्थल पर सामग्री की पहुंचता दरें निविदा पर अंकित करनी होगी। 4. निविदाकर्ता को निर्धारित अवधि में कार्य स्थल पर सामग्री की आपूर्ती करनी होगी अन्यथा धरोहर राशि जब्त करने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। 5. निविदाओं को बिनाकारण बताए निरस्त करने अथवा स्वीकार करने का अधिकार ग्रामपंचायत में निहित होगा।

ग्राम प्रधान - अजनर, विकास खण्ड जैतपुर (महोबा)
ग्राम विकास अधिकारी - अजनर, विकास खण्ड जैतपुर (महोबा)

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

